**मामला शहर के सात बड़े नालों की स्वच्छता का**

# आयुक्त निरीक्षण को गए तो पता चला चार साल से नहीं हुई सफाई



रतलाम. मानसून पूर्व बड़े नालों की सफाई का कार्य निगम ने शुरू किया है। इन नालों की सफाई के दौरान स्वच्छता कार्य देखने जब आयुक्त सोमनाथ झारिया गए तो पता चला कि पिछले चार साल में इन नालों की सफाई के लिए कोई आया ही नहीं है।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा नगर के नाले-नालियों की कि जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी के साथ कर नगर के सभी नाले व नालियों की सफाई का कार्य वर्षा पूर्व पूर्ण करने के निर्देश संबंधितों को दिये। निगम आयुक्त झारिया पिछले दिनों गोमदड़े की पुल, श्रीमालीवास दो मुंह की बावड़ी, लक्कड़पीठा, अहिंसा ग्राम के पीछे, मुक्तेश्वर रोड, गौशाला रोड व मुखर्जी नगर नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त झारिया को आमजन ने बताया कि उनके क्षेत्र में नालों की सफाई पहली बार हो रही है। करीब चार वर्ष पूर्व इस प्रकार की स्वच्छता हुई थी।

आयुक्त झारिया ने शिकायत को सुनकर कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वर्षा के पानी से जल भराव की स्थिति ना बने इस हेतु सभी नाले एवं नालियों की सफाई वर्षा पूर्व हो जाए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई के दौरान निकलने वाले एवं कचरे को ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से यथा समय उठवाया जाये व कीटनाशक दवा का छिड़काव अनिवार्य रूप से करवाया जाये।

निगम आयुक्त झारिया ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा वर्तमान में नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है किसी भी नागरिक द्वारा नाले-नालियों पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण किया हो तो वे स्वयं हटा लें ताकि सफाई कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारी जीके जायसवाल, एमके जैन, एपी सिंह, विकास मरकाम, किरण चौहान, पर्वत हाडे, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

2/6/21

**शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने के भी दिए निर्देश**

# पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं

रतलाम. कोरोना से पूर्णता मुक्ति के लिए आवश्यक है कि सभी व्यक्तियों का वैक्सीनेशन हो जाए। इसके लिए जिले में 45 प्लस आयु वर्ग के शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए अभियान के रूप में कार्य किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 1 जून को नियमित वीसी के दौरान समीक्षा में दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर के साथ ही जिले के बड़े कस्बों में प्राथमिकता के साथ शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाए। कलेक्टर ने जिले में शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए भी खास तौर पर सभी एसडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने से गरीब निम्न मध्यम परिवार उपचार कराने में सक्षम हो सकेंगे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सैलाना जनपद पंचायत में लक्ष्य की तुलना में कम आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन जो भी आयुष्मान कार्ड लक्ष्य आवंटित किया गया है, वह शत-प्रतिशत हासिल किया जाए।

## गड़बड़ी की तो कार्रवाई

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से गरीब निर्धन वर्ग को प्रदाय किए जाने वाले निशुल्क राशन सामग्री के संबंध में निर्देश दिए कि गरीब व्यक्ति को दिए जाने वाला राशन में कोई गड़बड़ी नहीं हो। गड़बड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकान पर आने वाले व्यक्ति को कियोस्क के माध्यम से मिलने वाली पर्ची सुनिश्चित रूप से दी जाए। यदि कोई दुकानदार उपभोक्ता को पर्ची नहीं देता है तो उसके विरुद्ध 5000 रुपए पेनल्टी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकान की नियमित चैकिंग करें दुकान के ऑनलाइन स्टॉक तथा उपलब्ध स्टॉक में अंतर नहीं हो।

पत्रिका
2/6/21

## निर्देशों का पालन न होने पर शहर में हुई कार्रवाई

(26)

# लॉक डाउन खुलते ही बाजारों में उमड़ी भीड़, लुणावत प्लाजा में 8 दुकानें सील

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत एवं राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करवाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में थाना क्षेत्रवार अधिकारियों, कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है।

इन टीमों द्वारा मंगलवार को रतलाम शहर में सघन कार्रवाई करते हुए 124 व्यक्तियों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 12400 रुपए की पेनल्टी वसूली गई। 34 दुकानों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 33500 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। एक दुकान को सील किया गया तथा धारा 188 के अंतर्गत 6 के विरुद्ध एफ.आई.आर. की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत एवं सी एस पी हेमंत चौहान द्वारा घास बाजार स्थित लुणावत प्लाजा में 8 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। भीड़ अधिक होने के कारण बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5000 रुपए का जुर्माना किया गया।

रतलाम शहर के पुलिस थाना माणक चौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोयदे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 33 व्यक्तियों पर कार्रवाई का 3300 तथा 9 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 15500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक पी.पी. वाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 13 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 1300 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 16 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 2300 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग सी.के. राय के साथ पुलिस ...

8 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 40 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 4000 रुपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13000 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई एवं एक दुकान को सील किया गया।

... कर्मचारी दल तैनात रहे, इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा मंगलवार को 38 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 3800 रुपए की ...

... नेतृत्व में कार्य कर रही है। यह टीमें रतलाम शहर में आदेश का उल्लंघन करने वालों, बिना मास्क लगाए घूमने एवं गलत तरीके से मास्क लगाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करेंगी, निर्धारित समय के पश्चात आवश्यक सेवाओं की दुकानें खुली पाए जाने पर उन्हें सील कर संबंधित ...

## बैंक ऑफ बड़ौदा के विरुद्ध जुर्माना



## शहर में कई इलाकों से बैरिकेड्स ही नहीं हटाए, राहगीर होते रहे परेशान



कोरोना कर्फ्यू के बाद सरकार एवं जिला प्रशासन ने थोड़ी छूट दी है। इसके चलते अधिकांश स्थानों से पुलिस ने बैरिकेड्स भी हटा लिए हैं, ताकि राहगीरों को आने-जाने में परेशानी न हो, लेकिन कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां से बैरिकेड्स हटाना पुलिस भूल गई है।

शहर-सराय, गायत्री टॉकीज, बाजना बस स्टैण्ड समेत कई क्षेत्र इनमें से एक है। इस कारण मंगलवार को जब राहगीर यहां से गुजरने लगे, तो वे परेशान हो गए, उन्हें लंबे रास्ते से घूमकर आना-जाना पड़ा। मंगलवार सुबह से ही यह स्थिति निर्मित हो रही है। कई क्षेत्रों में निगम द्वारा अधूरे निर्माण कार्य भी बड़ी समस्या बनी हुई है।

मंगलवार सुबह लोग जैसे ही शहर के रास्तों से गुजरने लगे, पर बैरिकेड्स के कारण आ-जा नहीं पाए, वहीं दो बत्ती चौराहे पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य के कारण भी राहगीरों को घूमकर जाने समेत जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण राहगीर चाहते हुए भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर पा रहे है।

# अनलॉक में लोगों को सीख देने के लिए सड़क पर आए युवा



रतलाम. अनलॉक की प्रक्रिया के पहले दिन शहर में कुछ लोग बिना मास्क के घूमते नजर आए। ऐसे लोगों को मास्क लगाने की सीख देने के लिए शहर के कुछ युवा सड़क पर आए और उनके द्वारा बिना मास घूम रहे लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया। शहर के माणक चौक क्षेत्र के युवाओं का कहना था कि कोरोना कर्फ्यू में छूट मिली है, अभी कोरोना गया नहीं है, इसलिए पहले से भी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

पत्रिका
2/6/21

## पहला नजारा - मास्क भी और दूरी भी

**समझदारी:** जवाहरनगर में दुकानदार और ग्राहक ने मास्क पहनने हुए खरीदारी की।



शहर के जवाहरनगर में अनलॉक के पहले दिन जब किराना दुकान खुली तो ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंचे। दुकानदार नरेंद्र मोदी बताते हैं कि चाहे लंबे समय बाद दुकान खुली हो लेकिन सुरक्षा भी जरुरी है। सुबह से अब तक जिसने भी ग्राहक आए हैं सभी से सोश्यल डिस्टेंसिंह का पालन करवाया गया वरन उन्हें दुकान पर आने से पहले ही मास्क लगाना अनिवार्य किया गया। उन्हें समझाइश भी दी कि वे कोरोना महामारी में अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। दूसरी तरफ इस दुकान से सामान खरीदने आए ग्राहक विजय व्यास का कहना था कि हम ही असुरक्षित हो जाएंगे।

## दूसरा नजारा - मास्क लटकता रहा

**नासमझी:** माणकचौक का दुकानदार ठोड़ी के नीचे मास्क करके बेखोफ दुकानदारी करते हुए।



दूसरा नजारा शहर के सबसे व्यस्ततम और व्यापारिक क्षेत्र माणकचौक में दिखाई दिया। माणकचौक में किराना दुकानें खुली तो ग्राहक भी पहुंचे। दुकानदारों ने भले ही आधे शटर खुले रखकर ग्राहकों को सामान दिया। यहां दुकानदार ने खुद ही कोरोना गाइड लाइन का खुला उल्लंघन किया। स्वयं के मुंह पर मास्क तो था किंतु वह ठोड़ी के नीचे सरकार कर ग्राहकों से बेतकल्लुफ बात करके सामान देता पाया गया। मुंह पर ठीक से मास्क लगाकर अपनी सुरक्षा की लेकिन दुकानदार की लापरवाही बताती है कि वह शासन की गाइड लाइन से कोई इत्तफाक नहीं रखता है।

## तीसरा नजारा - सोशल डिस्टेंसिंग नदारद

**लापरवाही:** जवाहरनगर में ही दुकानों पर लगी भीड़ से सोश्यल डिस्टेंसिंग ही गायब हो गई।



अनलॉक होते ही बाजारों में दुकाने धड़ल्ले से मंगलवार से खुलना शुरु हो गई। जवाहरनगर में तीसरा नजारा ऐसा दिखा जिससे लगता है कि लोगों ने कोरोना की दूसरी लहर से भी कोई सबक नहीं लिया है। दुकान पर उमड़ी भीड़ के बीच कहीं कोई सोश्यल डिस्टेंसिंग नहीं और न ही दुकानदार को इसकी कोई परवाह दिखाई दी। दुकान के सामने काउंटर पर ग्राहक एक-एक फीट की दूरी पर ही खड़े और बेधड़क होकर खरीदारी करते हुए दिखाई दिए। दुकानदार को इस बारे में पूछने पर न तो उन्होंने अपना नाम बताया और न ही कोई जानकारी देने को तैयार हुआ। ऐसा नजारा शहर में अन्य जगह भी दिखे।

# रजिस्ट्री कराने के लिए जब सेवा प्रदाताओं ने दफ्तर खोले तो पुलिस बंद कराने पहुंची, चालान भी बनाए

## रतलाम और जावरा के सर्विस प्रोवाइडरों के दफ्तर बंद कराने से अन्य सर्विस प्रोवाइडर नाराज

**बोले- प्रतिबंधात्मक आदेश में संशोधन हो, नहीं तो हमारे रोज चालान बनेंगे**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार से रजिस्ट्रियां शुरू हुई लेकिन सुबह जब सर्विस प्रोवाइडरों ने रजिस्ट्री कराने के लिए अपने ऑफिस खोले तो पुलिस बंद कराने पहुंच गई। रतलाम और जावरा के सर्विस प्रोवाइडरों के ऑफिस बंद करा दिए। इससे सर्विस प्रोवाइडरों में नाराजी है। उनका कहना है कि हम आदेश के अनुसार ऑफिस खोल रहे हैं तो फिर पुलिस क्यों चालानी कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को पुलिस रतलाम के कोर्ट चौराहा स्थित सर्विस प्रोवाइडर धर्मेंद्र जाट के ऑफिस पर पहुंची और ऑफिस बंद कराया। वहीं जावरा में सर्विस प्रोवाइडर श्याम परमार पर तो बगैर अनुमति के ऑफिस खोलने पर ऑफिस बंद कराने के साथ ही जुर्माना ही कर दिया। वहीं जावरा में ही आजाद सिंह लड्डा के ऑफिस को भी पुलिस बंद कराने पहुंच गई। जबकि महानिरीक्षक के आदेश पर रजिस्ट्रार विभाग खुला है और रजिस्ट्रियां हो रही हैं।

### अजब : आदेश में स्लॉट बुक कराने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को दफ्तर खोलने की इजाजत है

पुलिस की कार्रवाई से सर्विस प्रोवाइडरों में नाराजी है। सेवा प्रदाता संघ ने प्रतिबंधात्मक आदेश में संशोधन की मांग की है। संघ ने पदाधिकारियों ने बताया महानिरीक्षक पंजीयन ने रजिस्ट्री के लिए पंजीयन कार्यालय खोलने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में पंजीयन कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त सर्विस प्रोवाइडरों को रजिस्ट्री का स्लॉट बुक करने के लिए अपने ऑफिस खोलने की भी अनुमति है। इस आधार पर सर्विस प्रोवाइडर रजिस्ट्री बुक कर रहे हैं लेकिन 31 मई को जिला प्रशासन ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसमें सर्विस प्रोवाइडरों और स्टाम्प वेंडरों को कार्यालय खोलने की छूट नहीं दी है। इससे पुलिस ने मंगलवार को रतलाम और जावरा में सर्विस प्रोवाइडरों पर चालानी कार्रवाई करने के साथ ही उनके ऑफिस बंद कराए हैं। इससे प्रतिबंधात्मक आदेश में संशोधन होना चाहिए और सर्विस प्रोवाइडरों और उनके ऑफिस स्टाफ को छूट मिलना चाहिए ताकि वो रजिस्ट्री के लिए बुकिंग कर सकें। वहीं संघ ने सेवा प्रदाता पर की गई चालानी कार्रवाई भी निरस्त करने की मांग की है। संघ के अभय मूणत, गोपाल मंत्री, वीरेंद्र पितलिया, लखन पाटीदार, महेंद्र शर्मा, एडवोकेट लोकेश शर्मा, सौरभ गांधी, दिलीप कोठारी, रेनीश मेहता, प्रीतम माहेश्वरी, कमल किशोर उपाध्याय, पवन मूणत, लोकेश राठौर सहित संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक आदेश में संशोधन करने और चालानी कार्रवाई निरस्त करने की मांग की है।

### सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रजिस्ट्रियां की गईं

अनलॉक में जरूरी सेवा से जुड़े दफ्तर भी खोलने के आदेश हैं। इससे रजिस्ट्रार विभाग में मंगलवार से रजिस्ट्रियां शुरू हो गईं। विभाग में रजिस्ट्री की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कोरोना संक्रमण में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो इसके लिए विभाग ने स्लॉट का समय निर्धारित किया है। एक रजिस्ट्री के लिए 20 मिनट का समय निर्धारित किया और उसी अनुसार रजिस्ट्री की गई। इससे मंगलवार को सभी स्लॉट बुक रहे और सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक रजिस्ट्रियां हुईं।

दै. भास्कर
2/6/21

# अनलॉक का पहला दिनः बाजारों में भीड़, लापरवाही पर कार्रवाई

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लापरवाही पर दुकानें सील, लोगों की लापरवाही पर जुर्माना

रतलाम। कोरोना कर्फ्यू के बाद माह की पहले दिन से कई प्रतिबंधों में छूट देते हुए अनलॉक किया गया है। अनलॉक के पहले दिन धानमंडी में लोडिंग-अनलोडिंग करते हुए वाहन दिखाई दिए, वहीं माणक क्षेत्र में भी हलचल दिखाई दी। सराफा बाजार को फिलहाल छूट नहीं दी गई है इसलिए सराफा बाजार पूरी तरह सुनसान नजर आया। इसके

- **लुणावत प्लाजा में 8 दुकानें सील**
- **बैंक ऑफ बड़ौदा के विरुद्ध जुर्माना**

साथ ही लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई भी की गई।

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत एवं राज्य शासन द्वारा कोरोनावायरस की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करवाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में थाना क्षेत्रवार अधिकारियों, कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है। इन टीमों द्वारा मंगलवार को रतलाम शहर में सघन कार्रवाई करते हुए 124 व्यक्तियों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 12400 रुपये की पेनल्टी वसूली गई। 34 दुकानों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 33500 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। एक दुकान को सील किया गया तथा धारा 188 के अंतर्गत 6 के विरुद्ध एफ.आई.आर. की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत एवं सीएसपी हेमंत चौहान द्वारा घास बाजार स्थित लुणावत प्लाजा में 8 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। भीड़ अधिक होने के कारण




बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5000 रुपये का जुर्माना किया गया।

पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः 7बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 33 व्यक्तियों पर कार्रवाई का 3300 तथा 9 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 15500 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक पी.पी. बाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 13 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 1300 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 16 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 2300 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रातः 7बजे से दोपहर 2बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग सी.के. राय के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं टीम प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 40 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 4000 रूपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13000 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई एवं एक दुकान को सील किया गया। इसी तरह पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रातः 7बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी वाघे प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहे, इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2बजे से रात्रि 8बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा मंगलवार को 38 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 3800 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 2700 रूपए जुर्माना वसूला गया। सभी टीमें एसडीएम अभिषेक गहलोत के नेतृत्व में कार्य कर रही है। यह टीमें रतलाम शहर में आदेश का उल्लंघन करने वालों, बिना मास्क लगाए घूमने एवं गलत तरीके से मास्क लगाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करेंगी, निर्धारित समय के पश्चात आवश्यक सेवाओं की दुकानें खुली पाए जाने पर उन्हें सील कर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधि नियमानुसार धारा 188 की कार्रवाई तथा समय-समय पर कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएंगी।

## मौत का महीना मई... अब सबक लें

# मई में सर्वाधिक 111 मौत, दो माह में कोरोना से 213 लोगों की मृत्यु हुई जबकि 3 मुक्तिधाम में दो महीने में 1388 लोगों का हुआ अंतिम संस्कार

### इससे पहले अप्रैल में 102 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ा था, मार्च में श्मशान में 197 लोगों के ही हुए थे अंतिम संस्कार, तीन महीने में अप्रैल में सर्वाधिक 714 लोगों के अंतिम संस्कार


भास्कर संवाददाता | रतलाम

मई का यह महीना मौत का महीना साबित हुआ है। इस माह कोरोना से 111 मौत दर्ज हुई है जो सर्वाधिक मौत है। वहीं श्मशान में अंतिम संस्कार के आंकड़े भयावह हैं। तीन मुक्तिधाम में दो महीने में ही 1388 लोगों के अंतिम संस्कार हो चुके हैं। इनमें कोविड व नॉन कोविड शामिल है। मई के 20 दिनों में 5 से 6 मौत के मामले मिले हैं। वहीं जवाहर नगर में 163, त्रिवेणी में 173 व भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में 338 लोगों के अंतिम संस्कार किए गए।

**मई में मृत्यु दर भी घटती-बढ़ती रही, दो बार जीरो हुई और 31 मई को सर्वाधिक 8%**




**किस महीने कितनी मौत**




**मई में सबसे ज्यादा मौत**

| | |
|---|---|
| 2 दिन | 0 मौत |
| 5 दिन | 1 मौत |
| 3 दिन | 2 मौत |
| 1 दिन | 3 मौत |
| 5 दिन | 4 मौत |
| 13 दिन | 5 मौत |
| 2 दिन | 6 मौत |

**मार्च में 200 लोगों के भी अंतिम संस्कार नहीं हुए थे** - हालांकि ये आंकड़े अप्रैल के मुकाबले कम हैं क्योंकि अप्रैल के महीने में शहर के तीन मुक्तिधाम में 714 लोगों के अंतिम संस्कार किए गए थे। इनमें भी कोविड और नॉन कोविड दोनों ही शामिल हैं। वहीं मार्च में शहर के तीन मुक्तिधाम में 197 लोगों के अंतिम संस्कार किए गए थे।

**2 दिन 0 रहा डेथ रेट** - मई महीने में 2 दिन 28 और 30 मई को जिले का डेथ रेट 0% रहा। वहीं सबसे ज्यादा 31 मई को 8.33% डेथ रेट रहा।

दै. भास्कर 2/6/21



# 4 लेन निर्माण कार्य का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा विगत दिनों ठेकेदार को दिये निर्देश के तहत् ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार श्री निलेश पिरोदिया को निर्देशित कि उक्त सड़क का उत्कृष्ट निर्माण कार्य 7 दिवस में पूर्ण करें ताकि यह सड़क आदर्श व उत्तम रूप में नागरिकों को उपलब्ध हो सकें। उन्होने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पुरा ध्यान रखा जाये व कार्य तेजी से किया जाये।

निगम आयुक्त झारिया सड़क के बीच के नाले में पाईप डालने के पहले नाले की गाद निकालने हेतु झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े को निर्देशित किया। उन्होने इस अवसर पर बताया कि वर्षा ऋतु में डाट की पुल की ओर से बहकर आने वाले वर्षा के पानी से दो बत्ती क्षेत्र में जल भराव की स्थिति अब उत्पन्न नहीं होगी इस हेतु सड़क के नीचे पाईप डाले जा रहे जिससे वर्षा के पानी की जल निकासी हो सकेगी।

प्रसारण
2/6/21

• न्यूज फ्लेश

## अवैध रूप से पेड़ काटने पर निगम ने एफ आई आर हेतु भेजा पत्र

रतलाम। जैन कॉलोनी स्थित बगीचे में अवैध रूप से बरगद का सुखा पेड़ काटे जाने पर नगर निगम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज किए जाने हेतु थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड़ को पत्र प्रेषित किया गया।

जैन कॉलोनी स्थित बगीचे में बरगद का सुखा पेड़ काटे जाने पर नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा 28 मई को मौके पर पंचनामा बनाया गया। मौके पर चर्चा करने पर पेड़ काटे जाने के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने पर नगर निगम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज किए जाने हेतु थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड़ को पत्र प्रेषित किया गया।


# कोविड से बचाव के तरीकों पर विद्यार्थी चलाएं जन-

**- प्रभार के जिलों में जन-जागरण अभियान को नेतृत्व प्रदान करें मंत्री - शालाओं और परीक्षाओं के संचालन पर निर्णय के लिए मंत्री - रा**

**प्रवात्त न्यूज • भोपाल**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मंत्री-मंडल के सदस्यों की कड़ी मेहनत और टीम वर्क के परिणामस्वरूप ही प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में आया है। अब हम सुविधाजनक स्थिति में हैं। इसी का परिणाम है कि कल 1078 पॉजिटिव केस आए, पॉजिटिविटी रेट 1.5 प्रतिशत हो गया है और 4 हजार 120 व्यक्ति स्वस्थ हुए हैं। रिकवरी रेट 96.36 प्रतिशत हो गया है, जो संतोषजनक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में चरणबद्ध रूप से अनलॉक की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। अब लोगों को कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए लगातार प्रेरित करना होगा। इसके लिए प्रदेश की छात्र शक्ति को आगे आना होगा। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित कर उनकी सेवाएं जन-जागरण अभियान में ली जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले माननीय मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम् के गान के साथ आरंभ हुई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अलीराजपुर में कल एक भी पॉजिटिव केस नहीं आया। प्रदेश के 36 जिलों में 10 से कम केस आए हैं। हमारा लक्ष्य 31 मई तक 0% केस की स्थिति में पहुँचने का था। प्रदेश के 36 जिलों में सिंगल डिजिट में केस आने का मतलब यह है कि हम लक्ष्य के पास पहुँच गए हैं। केवल भोपाल और इंदौर में पॉजिटिविटी दर 5% से अधिक है। इन दोनों शहरों में अलग रणनीति बनाकर काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की सक्रियता और जनता के साथ मिलकर काम करने की वजह से ही प्रदेश इस स्थिति में पहुँचा है। इस संतोषजनक स्थिति के लिए मंत्रि-परिषद के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।



**वातावरण निर्माण के लिए जिलों का दौरा करेंगे मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना को लॉक करना है। अतः कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर को अपनाने के लिए लोगों के बीच वातावरण बनाना होगा। मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों का यह दायित्व है कि इस दिशा में वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें। कोविड गाइड लाइन का पालन कराने के लिए मास्क पहनने, दूरी बनाए रखने, बार-बार हाथ धोने, दुकानों के आगे गोले बनाने जैसी गतिविधियों को लोगों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस दिशा में वातावरण बनाने के लिए वे स्वयं भी कुछ जिलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्री-परिषद के सभी सदस्य अपने-अपने प्रभार के जिलों का दौरा करें। जनता से संवाद करें, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दें और कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर के लिए लोगों को प्रेरित कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्री-परिषद के सदस्य गणों को वैक्सीनेशन के लिए अपने-अपने प्रभार के जिलों में जन-जागरण पर केंद्रित अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

**शिक्षा व्यवस्था के संबंध में विशेषज्ञों से चर्चा कर प्रस्तुत करें सुझाव :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रबंधन के लिए छह मंत्री- समूह बनाए गए हैं। यह समूह टीकाकरण, अस्पताल प्रबंधन, जन-जागरण, वैक्सीनेशन, ऑक्सीजन उत्पादन और उपलब्धता की दिशा में लगातार कार्य करते रहें। सप्ताह में एक बार प्रत्येक मंत्री- समूह की बैठक आवश्यक रूप से हो। इसके अतिरिक्त सातवाँ मंत्री समूह शिक्षा के लिए बनाया गया है। शिक्षा देने के क्या विकल्प हो सकते हैं, परीक्षाओं का संचालन कैसे हो, क्या बड़े बच्चों को सीमित संख्या में शाला आने की अ[...] विचार करेगा[...]

इस समू[...] शिक्षा मंत्री श्र[...] तथा अनुसू[...] चिकित्सा शि[...] शिक्षा मंत्री [...] सिंह परमार, [...] विमर्श करें। [...] जा सकता है, [...] सुझाव प्रस्तु[...] के क्षेत्र में म[...] एक उदाहरण[...]

मुख्यमं[...] का निर्माण हम[...] किए जाएं। [...] अधोसंरचना [...] सुविधाओं क[...] कर कार्य आ[...] पैदा करेंगी। सि[...] निर्माण में इन [...]

प्रसारण

प्रसारण 2/6/21

# 5 पॉजिटिव मिलने पर पूरे प्रतापनगर को बना रहे थे कंटेनमेंट जोन, रहवासियों के गुस्से पर बदला प्लान

### पहले एक रास्ता खोला फिर संक्रमितों के घर ही कंटेनमेंट बनाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार शाम कंटेनमेंट जोन बनाए जाने को लेकर प्रताप नगर में विवाद की स्थिति बन गई। दरअसल कॉलोनी के पांच रहवासी पॉजिटिव निकले थे। इसके बाद नगर निगम और राजस्व की टीम कंटेनमेंट बनाने पहुंचा था। अमले ने कॉलोनी के सभी रास्ते बंद कर दिए। यह देख रहवासी आक्रोशित हो गए। उनका कहना था जब पांच ही पॉजिटिव हैं तो पूरी कॉलोनी क्यों बंद कर रहे हो। सिर्फ उन क्षेत्र या मोहल्ले को जोन बना दो जहां संक्रमित हैं। बावजूद इसके अमला नहीं माना तो नागरिक आक्रोशित हो गए। अधिकारियों के बीच-बचाव के बाद एक रास्ता खोला गया तब गुस्सा शांत हुआ। बाद में एसडीएम ने केवल संक्रमितों के घर कंटेनमेंट बनाए। रहवासी महावीर भाई ने बताया जो मोहल्ला संक्रमित है, उसे सील करें।

उन्होंने तो कॉलोनी के रास्ते बंद कर दिए थे। दो माह बाद कोरोना कर्फ्यू में छूट मिली है। उस पर कॉलोनी को कंटेनमेंट जोन बनाना चाह रहे थे। एक हजार से ज्यादा फंस जाते।



रहवासियों के विरोध के बाद बंद किए गए रास्ते को खोलते कर्मचारी।

**मंगलवार को 6 कंटेनमेंट जोन बनाए** - कंटेनमेंट जोन बनाए जाने का सिलसिला अनलॉक में जारी रहा। मंगलवार को शहर के 6 इलाकों में कंटेनमेंट जोन बनाए गए। अब तक 237 जोन बनाए जा चुके हैं। इनमें से 110 से ज्यादा खोले भी जा चुके हैं। शुरुआत 11 मई को हुई थी। मंगलवार को सिलावटों का वास, भगत सिंह कॉलोनी, जवाहर नगर, प्रताप नगर, मौलाना आजाद नगर, जाटों का वास में कंटेनमेंट एरिया बनाया गया।

दै. भास्कर 2/6/21

# पूरे प्रतापनगर को कंटेनमेंट बनाने पर विरोध, बदला निर्णय

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना पाजिटिव मरीजों को लेकर शासन स्तर से माइक्रो कंटेनमेंट बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इधर मंगलवार को पूरे प्रतापनगर को सील करने पर रहवासियों ने विरोध जताया। इसके बाद प्रशासन ने बदलाव करते हुए पाजिटिव मरीज के घरों को ही कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया।

शाम करीब पांच बजे प्रतापनगर में उद्घोषणा की जाने लगी कि पूरा क्षेत्र कंटेनमेंट बनाया जा रहा है। जो लोग बाहर हैं, वे अपने घरों में चले जाएं। सभी रोड भी बंद की जाने लगी। लोगों ने कारण पूछा तो बेरिकेडिंग कर रहे कर्मचारी ठीक से जवाब नहीं दे पाए। प्रतापनगर में संक्रमितों की संख्या भी नहीं बताई। इसके बाद विरोध तेज होने



प्रतापनगर मुख्य मार्ग को बेरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया। •नईदुनिया

पर एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत मौके पर पहुंचे और क्षेत्र के कुछ लोगों से चर्चा कर पाजिटिव मरीजों के आसपास के हिस्से को ही कंटेनमेंट बनाने की बात कही। इस दौरान भीड़ होने पर एसडीएम ने संक्रमण के खतरे से अवगत कराते हुए मास्क पहनने, शारीरिक दूरी रखने व गाइडलाइन के पालन की समझाइश दी।

नईदुनिया 2/6/21

### जिम्मेदार भी नहीं दे पा रहे थे जवाब

# गिनती के घर पॉजिटिव, पूरा प्रताप नगर कर दिय कंटेनमेंट, रहवासियों का विरोध तो झुका प्रशासन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शाम के करीब 5 बजे थे की पुलिस- प्रशासन और नगर निगम की गाड़ियां प्रताप नगर में आई और हर तरफ अनाउंसमेंट शुरू हो गया कि सभी लोग अपने घरों में जाएं और जो भी घर के बाहर है उसे भी जल्दी से घर पर बुला ले। यहां पर कंटेनमेंट बनने जा रहा है एक बार रास्ता बंद हो गया तो फिर कोई ना अंदर आ सकता है ना बाहर जा सकता है। अनाउंसमेंट के कुछ देर बाद ही चारों और के रास्ते अंदर और बाहर की तरफ से बंद करने की शुरुआत हो गई।

एक के बाद एक गलियों को बंद करने की जैसे ही शुरुआत हुई तो क्षेत्र के अलावा सड़कों पर आ गए और प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों से कंटेनमेंट बनाए जाने का कारण पूछा जिस पर सभी का कहना था कि यह हॉटस्पॉट है, यहां पर एक्टिव अधिक है इसलिए कंटेनमेंट बनाया जा रहा है लेकिन जब रहवासियों ने यह पूछा कि कितने एक्टिव केस है तो इसका जवाब ठीक से कोई भी नहीं दे सका। इस बात को लेकर क्षेत्र के निवासियों ने खासी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जिस घर में मरीज है, उसे या फिर उसके आसपास के 1-2 अन्य घरों को कंटेनमेंट कर दीजिए लेकिन पूरी कॉलोनी को कंटेनमेंट बनाना गलत है।

कॉलोनी में रहवासियों
नाराजगी बढ़ने लगी तो
सूचना शहर एसडीएम अ
गहलोत को मिली। इस पर वह
पर पहुंचे और क्षेत्र के चुनिंदा
से चर्चा की और बाकी सभी क
जाने के निर्देश दिए। एसडीए
कहना था कि मैं सभी की बात
लूंगा लेकिन भीड़ एकत्र हो
संक्रमण फैल सकता है इस
निवेदन है कि सभी लोग सो
डिस्टेंस का पालन करें और
लोगों का काम नहीं है वह यह
चले जाएं। एसडीएम ने चर्चा
और फिर सिर्फ पॉजिटिव घर
आस-पास कंटेनमेंट बनाने की
कही और बाकी क्षेत्र खुलवा
जिस पर रहवासियों ने खुशी ज
कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

पत्रिका
2/6/21

# 80 बैंककर्मी संक्रमित लेकिन वैक्सीन का इंतजाम नहीं किया

## अनदेखी : केंद्र सरकार फ्रंटलाइन वर्कर मान चुकी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना से अभी तक 80 बैंककर्मी संक्रमित हो चुके हैं लेकिन बैंककर्मियों के लिए वैक्सीन लगाने की अब तक कोई इंतजाम नहीं हो पाए है। जबकि केंद्र सरकार भी बैंककर्मियों को फ्रंटलाइन वर्कर की बात कहते हुए प्राथमिकता से टीकाकरण करने के निर्देश दे चुकी है। बावजूद अब तक सभी बैंककर्मियों को वैक्सीन नहीं लग पाई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के विजय कुमार सोनी ने बताया कि बैंक स्टाफ का कोई सदस्य संक्रमित होता है तो असर उसके परिवार पर भी होता है। ऐसे में बैंककर्मियों के साथ ही परिवारजनों को भी वैक्सीन लगाना जरूरी है। कई बैंककर्मी 45 के ऊपर हैं। वहीं कई ने स्लॉट बुक कर वैक्सीन लगा ली है। इससे अब बैंककर्मियों की संख्या भी कम हो गई है। ऐसे में ज्यादा बैंककर्मी नहीं बचे हैं। कोरोना से सुरक्षा के लिए बैंककर्मियों को जल्द से जल्द वैक्सीन लगाई जाए ताकि कोरोना संक्रमण रुक सके।

इधर शिक्षा विभाग में भी संक्रमण की स्थिति चिंतनीय है। कोरोना की दूसरी लहर में शिक्षकों के बीच भी संक्रमण के बहुत मामले सामने आए हैं। यहां भी टीकाकरण लक्ष्य से कोसों दूर है। शिक्षक मैदानी तौर पर सर्वे आदि के काम में जुटे हुए हैं।

कोरोना संक्रमण के कारण 53 दिन के लंबे लॉकडाउन के अनलॉक होते ही बाजार में उमड़ पड़े लोग

# जिंदगी पटरी पर लौटे, इसलिए खुला लॉक अब हमें बढ़ाना होगा जिम्मेदारी भरा हाथ...



सुरक्षा के साथ-साथ टूटते सोशल डिस्टेंसिंग के नजारे दिखे

**रतलाम @ पत्रिका.** कोरोना संक्रमण रोकने के लिए 53 दिन के लंबे लॉक डाउन के बाद आखिरकार सरकार ने अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 1 जून से शुरू हुई अनलॉक की प्रक्रिया के पहले ही दिन ज्यादातर जगह लोगों की जागरुकता नजर आई। ज्यादातर दुकानदार अपनी दुकान पर आने वाले ग्राहकों के बीच सोश्यल डिस्टेंसिंग और मास्क का पूरा उपयोग कराते हुए दिखे तो कहीं दुकानदार खुद ही मास्क को ठोढ़ी के नीचे सरकासकर दुकानदारी करते दिखाई दिए। मुख्य बाजार, कालोनियों और मोहल्लों में खुली दुकानों में भी सोश्यल डिस्टेंसिंग का लोग खुलेआम उल्लंघन करते हुए पाए गए। 53 दिन के लंबे लॉक डाउन और कोरोना की दूसरी लहर के मचाए तांडव के बाद भी न खुद और न ही अपने ग्राहकों सुधारने को तैयार नहीं है। पत्रिका ने शहर के कुछ हिस्सों में ऐसे नजारे को कैद किया।

पत्रिका अनलॉक 2.0

## पत्रिका आव्हान
### मेरा मास्क, मेरी सुरक्षा

पत्रिका सरोकार — मेरा मास्क, मेरी सुरक्षा

जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए अनलॉक की शुरूआत हो गई है. लेकिन इसके साथ ही हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब हमें पहले से ज्यादा सतर्क और सावधान रहना है, ताकि हम भी सुरक्षित रहें और दूसरों का जीवन भी खतरे में ना डालें। इसलिए कोरोना से सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग किसी भी तरह नजरअंदाज ना करें, बाहर निकले तो हमेशा मास्क लगाएं, दुकान पर भी दुकानदार मास्क पहनें और ग्राहकों से भी मास्क लगाकर ही आने का आव्हान करें, क्योंकि संक्रमण को फैलने से रोकने का हथियार मास्क है।

**आपकी समझदारी लाएगी जागरूकता, हम करेंगे प्रकाशित-** बाजार में खरीदारी करते, ऑफिस में काम करते, दुकान से कारोबार करते, अनुमति वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों में मास्क पहनकर सभी को जागरूक कर सकते हैं, आपके ऐसे चुनिंदा फोटो का प्रकाशन पत्रिका करेगा, ताकि कोरोना की रोकथाम में आपकी सहभागिता सभी तक पहुंच सकें, इसलिए ऐसे फोटो आप हमें दिए गए वाट्सएप नंबर पर भेज सकते हैं... 9907092856

10 अप्रेल तक 14 हजार बकाया था कर, अब देना होंगे ₹ 38 अतिरिक्त

# निगम का खेल : कोरोना में थी रोक, अब वसूल रहे जलकर पर दंड राशि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना के दौरान अप्रेल माह में 9 तारीख से सभी गतिविधि को रोक दिया गया था। इसके बाद नगर निगम में जलकर भरना भी बंद हो गया था। अब जब 1 जून को लॉकडाउन खुलने पर उपभोक्ता जलकर जमा करवाने गए तो उनसे प्रत्येक उपभोक्ता 150 रुपए कर व 38 रुपए का दंड वसूला गया। 9 अप्रेल तक शहर के 36 हजार में से करीब 14 हजार उपभोक्ताओं ने कर नहीं भरा था, अब इन सभी को दंड इसलिए देना होगा, क्योंकि लॉकडाउन लग गया था।

नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार शहर में 36 हजार घरेलू उपभोक्ता व 2 हजार औद्योगिक जल उपभोक्ता है। घरेलू उपभोक्ताओं को कम से कम 150 रुपए प्रतिमाह जलकर देना होता है। 36 हजार उपभोक्ताओं में से 22 हजार उपभोक्ताओं ने 9 अप्रेल तक अपने कर को चुका दिया था। उपभोक्ता को कर चुकाने के लिए 30 अप्रेल तक का समय मिला था। ऐसे में जो उपभोक्ता लॉकडाउन के चलते कर जमा करने नहीं आए, अब उनको दंड देना पड़ रहा है। इसका विरोध भी शहर में शुरू हो गया है।

कुल घरेलू उपभोक्ता
**- 36 हजार**

अप्रेल में जमा हुआ कर
**22 हजार उपभोक्ताओं का**

शेष रहे उपभोक्ता
**12 हजार**

अब बकायादार पर लग रहा दंड
**37.50 रुपए**

**नोट** - अब बकायादार को 188 रुपए दंड सहित देना पड़ रहे।

## हमारा विरोध है इसमें


लॉकडाउन में बंद सरकार ने किया था। इसलिए दंड लगाने का औचित्य नहीं है। दंड को समायोजित किया जाए व जो उपभोक्ता शेष है उनसे नहीं लिया जाए। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करेगी। - **महेंद्र कटारिया**, शहर कांग्रेस अध्यक्ष

समीक्षा की जाएगीयह मामला पहली बार संज्ञान में आया है। इसकी समीक्षा की जाएगी। नियम अनुसार कार्रवाई जल्दी की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

प्रेरणादायी

# एक साथ 12 पुलिसकर्मियों के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद से कर रहीं सेवा

पत्रिका सोशल वैल्यू



## शिवगढ़ की बेटी पायल ने सुरक्षा के लिए बढ़ाए कदम

शिवगढ़. ग्राम के पुलिस थाना में जब 12 पुलिसकर्मी एक साथ

## पूर्व महापौर ने अभियान चलाने की अपील की

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. वर्षाकाल का आगमन नजदीक है, इसे देखते हुए भूजल स्तर में वृद्धि के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और पौधरोपण का सघन अभियान शुरू किया जाए। इससे पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।

यह मांग पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से की है। डागा ने बताया कि शहर एवं जिले के विकास हेतु पानी की उपलब्धता


पत्रिका
2/6/21

### तालाबंदी में आंशिक सुविधाओं के साथ छूट मिली

# बाजार में रौनक लौटी, कई व्यापारी खुश, तो कई नाराज

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में 52 दिनों बाद अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उसी के तहत कई दुकानें आज खुली। इससे कई व्यापारियों में प्रसन्नता देखी गई तो कई वे व्यापारी नाराज दिखे जिन्हें व्यापार की अनुमति नहीं दी गई। अनलॉक की स्थिति खुलते ही बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी।




नाराज व्यापारियों का कहना है कि शहर में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन प्रशासन ने सराफा,कपड़ा, रेडीमेड, हार्डवेयर, फर्नीचर सहित अन्य कई दुकानों को अभी तालाबंदी के तहत ही रखा है और उन पर अभी भी प्रतिबंध जारी है। किराना व्यापारियों ,सब्जी,फल और बाकी अन्य व्यापारियों को दुकान खोलने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी है। होटल,रेस्टोरेंट, नमकीन और मिठाई की दुकानों को खोलने की अनुमति न देने से इनमें आक्रोश देखा गया। होटल , रेस्टोरेंट को केवल होम डिलेवरी की अनुमति प्रदान की गई है, लेकिन जो बंधन है उसके चलते दुकानों को नहीं खोलना ही होटल,रेस्टोरेंट मालिकों ने उचित समझा।

व्यापारी की माने तो तालाबंदी की वजह से पहले ही व्यापार काफी घाटे में चला गया है। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों की हालत खस्ता है, उन्हें व्यापारियों को घर बैठे तनख्वाह देना पड़ रही है। संक्रमण की दर शहर और जिले में कम हुई है, इससे लगता है कि आने वाले समय में सभी प्रकार के व्यापार की छूट प्रदान की जाएगी।

25 प्रतिशत दुकानों के साथ आज से तालाबंदी में शिथिलता प्रदान की गई है साथ ही अनुभाग स्तर पर एक समिति बनाई जाएगी, जो दो दिनों में अन्य प्रकार के व्यापार में रियायत देने पर विचार करेगी, उसके बाद ही तालाबंदी के पूर्व की स्थिति बहाल होन की संभावना है।

सम्पूर्ण जिले में प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा। यह शनिवार रात्रि 10 बजे से सोमवार प्रात: 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। जिले में शुक्रवार शाम 7 बजे से सोमवार प्रात: 6 बजे तक सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। उक्त अवधि में केवल पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसी, फल सब्जी, दूध,मेडिकल दुकानें निर्धारित समय में खोलने की अनुमति दी गई है। आज प्रात: से ही बाजार में हालांकि अधिकांश दुकानें बंद थी, इसके बाद भी कई दिनों से सड़कों पर पसरा सन्नाटा धीरे-धीरे दूर हो गया जो शाम 5 बजे तक जारी रहा। 5 बजे बाद जिन दुकानों को अनुमति दी गई वह बंद हो गई और फिर सन्नाटा जैसी स्थिति निर्मित हो गई। दुकानें बंद करवाने के लिए तथा जिन दुकानों को अनुमति नहीं दी गई थी उनको बंद करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित दल सक्रिय थे। कुछ नमकीन वालों के तथा गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के चालान भी बनाए गए है।



## निर्धारित समय के पश्चात दुकानें नहीं खोलने देंगे

निर्धारित समय के पश्चात आवश्यक सेवाओं की दुकानें खुली पाए जाने पर उन्हें सील कर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधि नियमानुसार धारा 188 की कार्रवाई तथा समय-समय पर कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएंगी। जारी आदेश के अनुसार रतलाम शहर के पुलिस थाना माणक चौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगदे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तैनात रहेंगे। इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी बीएल पाटीदार एवं टीम तैनात रहेंगी पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक पीपी वाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तैनात रहेंगे। इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तैनात रहेंगे।

## दिशा निर्देशों का पालन कराए जाने हेतु थाना क्षेत्रवार टीमें तैनात

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत एवं राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करवाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर में थाना क्षेत्र वार अधिकारियों कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है जो आदेश का उल्लंघन करने, बिना मास्क लगाए घूमने एवं गलत तरीके से मास्क लगाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करेंगी। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग सी.के. राठ के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं टीम प्रभारी उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक तैनात रहेगा। इसी तरह पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीम प्रभारी श्री वाघे प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहेगा। इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहेगा सभी टीमें एसडीएम अभिषेक गहलोत के नेतृत्व में कार्य करेंगी।

## तालाबंदी हटते ही बैंकों व बाजारों में भीड़ उमड़ी

पिपलौदा। जिलेभर में आज 52 दिनों बाद दी गई तालाबंदी में छूट के चलते लोग सड़कों पर उमड़ पड़े, जिन्हें कोई काम नहीं था वह भी बाजार की रंगत देखने निकल गए, क्योंकि उन्हें भ्रमण के लिए कोई पास की जरूरत नहीं थी और ना ही किसी ने उन्हें टोका, इस कारण से लोग बिना भय के भ्रमण कर रहे थे। बैंकों में भी भीड़ लगना प्रारम्भ हो गई है। जिला सहकारी बैंक व भारतीय स्टेट बैंक पर भीड़ देखने को मिली। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक मदद हेतु डाली गई राशि को निकालने के लिए ग्रामीण काफी संख्या में वहां पहुंचे। बाद में भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बैंकों द्वारा लाइन लगवाई गई जिससे व्यवस्था सुचारु हो सकी। बाजार में गाइड लाइन अनुसार दुकानें खुली व दो गज की दूरी के तहत ग्राहकों ने खरीदी की तहसीलदार व थाना [illegible]ी भी लगातार नगर भ्रमण करते रहे ताकि कोई व्यवस्था ना बिगड़े।





## ये कैसा रतलाम अनलॉक

# शहर में कई इलाकों से बैरिकेड्स ही नहीं हटाए, राहगीर होते रहे परेशान

रतलाम । रतलाम में करीब 50 दिनों के कोरोना कर्फ्यू के बाद सरकार एवं जिला प्रशासन ने थोड़ी छूट दी है। इसके चलते अधिकांश स्थानों से पुलिस ने बैरिकेड्स भी हटा लिए हैं ताकि राहगीरों को आने-जाने में परेशानी न हो। लेकिन कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां से बैरिकेड्स हटाना पुलिस भूल गई है। शहर-सराय ,गायत्री टाकीज ,बाजना बस स्टेण्ड समेत कई क्षेत्र इनमें से एक है। इस कारण मंगलवार को जब राहगीर यहां से गुजरने लगे, तो वे परेशान हो गए। उन्हें लंबे रास्ते से घूमकर आना-जाना पड़ा। मंगलवार सुबह से ही यह स्थिति निर्मित हो रही है।कई क्षेत्रों में निगम द्वारा अधूरे निर्माण कार्य भी बड़ी समस्या बनी हुई है। मंगलवार सुबह लोग जैसे ही शहर के रास्तों से गुजरने लगे, पर बैरिकेड्स के कारण आ-जा नहीं पाए। वही दो बत्ती चौराहे पर चल फोरलेन निर्माण कार्य के कारण भी राहगीरों को घूमकर जाने समेत जाम की समस्या का सामना करना पड रहा है। जिसके कारण राहगीर चाहते हुए भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर पा रही है।

स्वदेश ज्योति

2/6/21

# फल और सब्जी विक्रय रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम के काउंटर पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी

## कोरोना संक्रमण का खतरा मोल लेकर करवा रहे रजिस्ट्रेशन



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में आज से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है लेकिन फल और सब्जी बेचने के पंजीयन के लिए लोग नगर निगम के रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लंबी लंबी लाइन लगा रहे हैं। जहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ही नहीं हो पा रहा है। बीते 2 दिनों से फल एवं सब्जी विक्रेताओं की भीड़ इन काउंटरों पर उमड़ रही है जहां यह लोग कोरोना संक्रमण का खतरा मोल लेने से भी नहीं चूक रहे हैं।

फल और सब्जी बेचने और हाथ ठेला लगाने के पंजीयन के लिए यहां पहुंच रहे इन लोगों से जब भीड़ लगाने का कारण पूछा गया तो उनका कहना था कि रोजी रोटी की व्यवस्था के लिए वह सुबह 7.00 बजे से लाइन में लगे हुए हैं। वहीं नगर निगम प्रशासन द्वारा बताए गए 5 जोन के रजिस्ट्रेशन काउंटर भी बंद होने से एक ही जगह पर शहर भर के स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंच रहे हैं।

दरअसल रतलाम में 1 जून से लागू किए गए अनलॉक के लिए फल सब्जी विक्रेताओं को फेरी लगाकर फल और सब्जी बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जिसके बाद रोजी-रोटी की तलाश में बड़ी संख्या में लोग फल और सब्जी विक्रय करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने नगर निगम के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंच गए। जहां सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ रही है। वहीं सुबह 7:00 बजे से कड़ी धूप में लाइन में लगकर यह स्ट्रीट वेंडर कोरोना संक्रमण का खतरा भी मोल ले रहे हैं।

निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से जब इस बारे में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि शहर में रजिस्ट्रेशन के लिए 5 जोन में रजिस्ट्रेशन काउंटर खोले गए हैं लेकिन शहर के बीचो बीच यह काउंटर होने की वजह से ज्यादा लोग यहां पहुंच रहे हैं।

बहरहाल आज से ही रतलाम शहर को अनलॉक करने की शुरुआत हुई है लेकिन बाजार में उमड़ती लोगों की भीड़ और स्ट्रीट वेंडरों का इस तरह लाइन लगाना कहीं फिर से संक्रमण को बढ़ा न दे। वहीं लंबे समय से बेरोजगार बैठे इन स्ट्रीट वेंडरों की बेरोजगारी पर भी प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

प्रसारण

प्रसारण 2/6/21

# खुदाई कर दी, शास्त्रीनगर के रहवासी अब हो रहे परेशान

## घरों में आने-जाने में हो रही दिक्कत



शास्त्रीनगर में मुख्य मार्ग के पास इस तरह खुदाई कर दी गई है।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शास्त्रीनगर में सड़क निर्माण के लिए खुदाई करने के बाद अब तक निर्माण शुरू नहीं होने से लोग परेशान हैं। उन्हें अपने घरों में ही आने जाने में दिक्कत आ रही है और बड़ी मुश्किल से पहुंच पा रहे हैं। कई लोगों के तो नल कनेक्शन भी कट गए हैं। इससे क्षेत्र में कीचड़ हो रहा है। खुदाई कर रोड निर्माण ना करते हुए यूं ही छोड़ दिया गया है। अफसरों का भी ध्यान इस समस्या की तरफ नहीं है। कांग्रेस नेता विजयसिंह चौहान ने बताया जब रोड का निर्माण शुरू नहीं करना था तो खुदाई क्यों की। अब जब खुदाई कर दी है तो रोड का निर्माण शीघ्र किया जाए। पिछले 8 दिन से नलों की मरम्मत का काम चल रहा है। लेकिन यह धीमा चल रहा है। यदि जल्द ही निर्माण शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ईश्वर शिवानी, नरेंद्र भेरवानी, ओमप्रकाश चौरसिया, श्यामा व्यास, आशुतोष चौहान, आशा लोखंडे आदि ने निगम से जल्द रोड का निर्माण शुरू करने की मांग की है।

# खोदाई से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, लोग त्रस्त

रतलाम। स्मार्ट सिटी रोड के अंतर्गत शास्त्री नगर क्षेत्र में रोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसमें ठेकेदार ने खोदाई करते समय पानी की पाइप लाइन व लोगों के घर के नल क्षतिग्रस्त कर दिए। गत आठ दिन से नल सुधार का काम काफी धीमी गति से किया जा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों को पानी नहीं मिल रहा है और रोड की खोदाई के कारण घर में आने-जाने में परेशानी हो रही



शास्त्रीनगर क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए की गई खोदाई। ● नईदुनिया

# जागरण अभियान : मुख्यमंत्री

**गठित - मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रि-परिषद की बैठक के पूर्व किया संबोधित**

दी जा सकती है? इस संबंध में यह समूह

में खेल एवं युवा कल्याण तथा तकनीकी
ी यशोधरा राजे सिंधिया, जनजातीय कार्य
जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह,
एवं गैस राहत मंत्री विश्वास सारंग, उच्च
ोहन यादव, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर
ुष राज्य मंत्री रामकिशोर कावरे विचार-
दिशा में टेक्नोलॉजी का क्या उपयोग किया
पर विचार करें और विशेषज्ञों से चर्चा कर
ें। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि शिक्षा
देश का एक अलग मॉडल बने, जो देश में

चौहान ने कहा कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश
प्राथमिकता है। इस दिशा में कार्य पुनः आरंभ
मंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य
सशक्त करने के लिए बने वार्डों तथा अन्य
काल वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण
किया गया है। ये व्यवस्थाएँ जनता में विश्वास
सामान्य करने के लिए आवश्यक वातावरण
विधियों से मदद मिलेगी।

## विद्यार्थी और प्राध्यापक बनेंगे कोविड अनुकूल व्यवहार के मास्टर ट्रेनर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनता को कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसमें महाविद्यालय और तकनीकी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। प्रदेश में 18 लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कोविड अनुकूल व्यवहार के मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित विद्यार्थी और प्राध्यापक कोविड अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करें। छात्र शक्ति, एनसीसी और एनएसएस की टीमों का योगदान कोविड अनुकूल वातावरण बनाने में प्रभावी होगा।

## तीसरी लहर रोकने में मध्यप्रदेश नया मॉडल प्रस्तुत करेगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसी भी स्थिति में तीसरी लहर नहीं आने देना है। इस प्रकार की गतिविधियाँ हमें तीसरी लहर को रोकने में सहायक सिद्ध होंगी। इसके साथ ही टेस्ट, पॉजिटिव व्यक्ति की पहचान, कान्टेक्ट ट्रेसिंग और कोरोना संक्रमित को कोविड केयर सेंटर में ले जाना जारी रहे। किल-कोरोना अभियान चलता रहे। इन गतिविधियों और कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूकता अभियान को मंत्री, विधायक और सांसद नेतृत्व प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्र शक्ति का उपयोग कर कोविड की तीसरी लहर को रोकने में मध्यप्रदेश पूरे देश में एक नया मॉडल प्रस्तुत करेगा।

## अनलॉक के पहले दिन विवाद: कई शहरों में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

# छूट पर प्रदेशभर में 'फूट'

## जबलपुर: विरोध में भूल गए कोरोना का डर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. आखिरकार मंगलवार को मध्यप्रदेश अनलॉक हो गया। दफ्तरों में काम-काज शुरू हुआ। सीमित संख्या के साथ मंदिर खुले। अन्य जरूरी सेवाएं भी शुरू हो गईं। इस बीच प्रदेशभर में आंशिक छूट को लेकर लोगों का गुस्सा भी फूटा। कई शहरों में व्यापारियों ने प्रशासन के फैसले का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। कहीं बाजार खोले जाने के दिन को लेकर गफलत की स्थिति बनी। इस पर प्रशासन ने दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया।

जबलपुर में कोरोना संक्रमण को थामने के लिए अनलॉक में आंशिक छूट को लेकर मंगलवार को दिन भर तनाव की स्थिति रही। जबलपुर में कपड़ा और सराफा कारोबार को अनुमति नहीं दिए जाने से नाराज व्यापारी सड़क पर उतर आए। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र बड़ा फुहारा के आसपास जमकर प्रदर्शन भी किया। आंदोलन के बीच उन्होंने ऐलान किया कि बुधवार से सभी व्यापारी अपनी दुकानें खोलेंगे। उनके समर्थन में शहर के व्यापारिक संगठनों के अलावा कांग्रेस और भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल हो गए। उन्होंने सभी तरह के कारोबार खोलने का समर्थन किया। इस दौरान वहां काफी संख्या में पुलिसकर्मी भी पहुंच गए थे।

**हरदा में मॉल-शोरूम सील:** हरदा में 46 दिन बाद मंगलवार को खुले बाजार में कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने पर एसडीएम श्रुति अग्रवाल ने धारा-188 के तहत मामला दर्ज कर एक मॉल सील कर दिया। मॉल में कर्मचारियों सहित करीब सौ लोग मौजूद थे। वहीं दो अन्य शोरूम पर भी कार्रवाई की गई।



**जबलपुर.** कपड़ा और सराफा कारोबार को अनुमति नहीं मिलने से नाराज व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

### छिंदवाड़ा: ऑड-ईवन से दुकान खोलने के विरोध में उतरे व्यापारी

**छिंदवाड़ा.** कोरोना कर्फ्यू के 54 दिन बाद अनलॉक जिले का पहला दिन मंगलवार आम आदमी के लिए राहत भरा रहा तो व्यापारी बाजार की दुकानें खोलने के ऑड-ईवन नियम से असंतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने गांधीगंज और इतवारी बाजार में एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन किया। एसडीएम ने स्थल पर पहुंचकर राज्य शासन और आपदा प्रबंधन समिति के फैसले के अनुरूप प्रशासन की तय व्यवस्था की समझाइश दी। बाद में कलेक्टर और एसपी ने बाजार पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### किस्मत: हर दिन खुलेगी यह दुकान



**शिवपुरी.** प्रशासन ने मंगलवार से बाजार को दाएं और बाएं के आधार पर खोला है। टेकरी बाजार स्थित राम अवतार की दुकान के साथ किस्मत भी अनलॉक हो गई है। उनकी दुकान टेकरी की दो गलियों के कॉर्नर पर है। दो शटर हैं, जो एक गली में दाईं व दूसरी गली में बाईं ओर खुलता है।

### खंडवा: दुकानदारों के आक्रोश के बाद शहर हुआ अनलॉक

**खंडवा.** प्रदेशभर में ज्यादा पॉजिटिविटी रेट वाले जिलों को छोड़कर अन्य जिले एक जून से अनलॉक हो गए। खंडवा जिले का पॉजिटिविटी रेट 3 प्रतिशत होने के बाद भी यहां 8 जून तक कोरोना कर्फ्यू लागू रखने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद मंगलवार सुबह शहर के सभी दुकानदार और व्यापारी बांबे बाजार में इकट्ठा हो गए और फैसले पर आक्रोश जताया। इसके बाद प्रशासन को अपना फैसला बदलना पड़ा। अब बुधवार को शहर के बाजार ऑड-ईवन फॉर्मूले के आधार पर खोले जाएंगे।

### विवाद की स्थिति बनी

**उज्जैन** संभाग में अनलॉक लागू हो गया है, नियमों की उलझन और बाजार खोलने की शर्तों को समझ नहीं पाने के कारण कई जगहों पर दुकानें खुल गईं तो कुछ जगह आंशिक विवाद भी हुए। **नीमच** में कपड़े के शोरूम सहित 9 दुकानों को बिना अनुमति खोलने पर बंद कराते हुए जुर्माना लगाया। **शाजापुर** में थोक मंडी की जगह फल-सब्जी मंडी शुरू की गई तो व्यापारियों को जगह नहीं मिलने पर विवाद हुआ।

ट्रेंडिंग न्यूज

**कोरोना से जंग**

### 1 हजार पर पहुंचा संक्रमितों का आंकड़ा

**भोपाल @ पत्रिका.** राज्य में कोरोना संक्रमण ढलान की ओर है। बीते 24 घंटे में प्रदेशभर में 1078 नए मरीज मिले। 4120 लोग स्वस्थ होकर घर पहुंचे। 45 मौतें दर्ज की गईं। अब राज्य में कोरोना के 20303 सक्रिय मरीज हैं। संक्रमण दर 1.5 फीसदी पर पहुंच गई है।



**नेशनल पार्क अनलॉक**

### 124 पर्यटकों ने की पार्क की सैर

**भोपाल @ पत्रिका.** कोरोना के चलते डेढ़ महीने से बंद प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क और अभयारण्यों में अनलॉक के पहले दिन मंगलवार को 124 पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों के लिए सभी नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व आगामी 30 जून तक खुले रहेंगे।

पत्रिका 2/6/21

# 14 महीनों में सबसे भारी रहा मई

## राहत • चरम पर पहुंचकर आखिर थमी संक्रमण की रफ्तार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना काल के 14 माह में मई 2021 सबसे भारी रहा है। इस माह में नए संक्रमितों का आंकड़ा 400 के पास पहुंच गया था। इसके बाद व्यवस्थाओं में बदलाव के बाद बेकाबू कोरोना की स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई। मंगलवार से कुछ बंदिशों और छूट के साथ जिले को अनलाक कर दिया गया है।

संक्रमण की रफ्तार थमने से शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

मई 2021 के 31 दिन 13 माह याने 395 दिनों पर सर्वाधिक भारी पड़े हैं। मई 2020 में मात्र 23 नए पाजिटिव केस सामने आए थे और केवल एक मौत हुई थी। जबकि मई 2021 में आंकड़ा कई गुना बढ़कर 6490 नए पाजिटिव केस सामने आए और 111 मौत हुई। अप्रैल 2021 में 5283 नए पाजिटिव केस सामने आए थे। 4031 स्वस्थ होकर घर लौटे थे, वहीं मौत का आंकड़ा 102 रहा था। मई माह के सभी आंकड़े बीते 13 माह की तुलना में सर्वाधिक हैं। हालांकि अब धीरे-धीरे स्थिति में सुधार हो रहा है और बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से लगातार नए संक्रमितों की संख्या घट रही है और स्वस्थ होने वाले मरीजों का आंकड़ा बढ़ रहा है। एक्टिव केस में भी लगातार कमी आ रही है। गत माह एक्टिव केस की संख्या 3700 के पार पहुंच गई थी, वहीं अब घटकर 700 के करीब आ गई है।

### अप्रैल 2020 से अब तक की स्थिति पर नजर

| माह | पाजिटिव | मौत |
|---|---|---|
| अप्रैल 2020 | 14 | 00 |
| मई | 23 | 01 |
| जून | 221 | 05 |
| जुलाई | 241 | 03 |
| अगस्त | 555 | 10 |
| सितंबर | 898 | 20 |
| अक्टूबर | 427 | 19 |
| नवंबर | 1017 | 12 |
| दिसंबर | 786 | 06 |
| जनवरी 2021 | 258 | 02 |
| फरवरी | 96 | 02 |
| मार्च | 1098 | 10 |
| अप्रैल | 5283 | 102 |
| मई | 6490 | 111 |

### अब आसानी से मिलने लगे बेड

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से मंगलवार को 22 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया।

डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 44 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 37 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 55 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। अस्पताल में कुल 137 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 102 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 413 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5711, करंट स्टाक 312 है।

# अनलाक का पालन कराने को दौरा करें मंत्री

## सीएम ने दिए निर्देश, कहा- सांसद-विधायक अपने क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाएं



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों को संबोधित किया। • जनसंपर्क विभाग

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों से कहा है कि जनता के सहयोग और सबके परिश्रम से प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रण में आ गया है। मंगलवार से अनलाक प्रारंभ हो गया है। इसमें मंत्रियों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि हमने कोविड के अनुरूप व्यवहार को नहीं अपनाया तो संकट बढ़ सकता है। जिलों में अनलाक का पालन कराने का काम आपका (मंत्री का) है। इसके लिए प्रभार के जिलों में दौरा करें। वहां आपदा प्रबंधन समूहों के साथ बैठक करें और कोरोना की गाइड लाइन का पालन करने के साथ टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंत्रियों को बताया कि सोमवार को आलीराजपुर में एक भी पॉजिटिव प्रकरण नहीं आया है। 36 जिलों में प्रकरण दस से कम हैं। इंदौर और भोपाल में संक्रमण की दर पांच फीसद से ज्यादा है। वहां विशेष योजना बनाकर काम हो रहा है, जिसके अच्छे परिणाम जल्द ही आएंगे। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के साथ अन्य गतिविधियां भी चलनी

### कालेज के विद्यार्थियों को बनाएं मास्टर ट्रेनर

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि कोरोना के अनुकूल व्यवहार के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाना आवश्यक है। इसके लिए उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग मिलकर कार्ययोजना बनाएं। हमारे पास कॉलेजों के 18 लाख विद्यार्थी और नौ हजार प्राध्यापक हैं। इनको मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। इनके जिम्मे 50 या 100 नागरिक कर दें, जिन्हें ये कोविड के अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के लिए जागरूक करें।

को भी दिशा-निर्देश दें। कहीं पर भी छह से ज्यादा लोग एकत्र नहीं होना चाहिए। सभी अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं और शारीरिक दूरी का पालन भी करें। टीकाकरण को लेकर डर व भय निकालने का काम करें।

चलता रहेगा। समूह की सलाह में एक बैठक जरूर हो। इसमें संबंधित विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की जाए। शिक्षा के लिए समूह महत्वपूर्ण है। बच्चे घर में बैठे कुंठित हो गए हैं। हमें विचार करना होगा कि वैकल्पिक मार्ग क्या हो। ...

**राजस्व का नुकसान हुआ है पर कामों में तेजी लाएं :** मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि कोरोना महामारी की वजह से लगभग ढाई माह गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके कारण राजस्व का नुकसान भी हुआ है पर काम तो फिर भी करना है। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश हमारी प्राथमिकता में है। इसके तहत तय कामों को लक्ष्य बनाकर किया जाए।

**भीड़ एकत्र किए बगैर लोकार्पण-शिलान्यास हों :** मुख्यमंत्री बोले कि कोरोना के अलावा और भी काम चल रहे हैं। निर्माण कार्य हो या फिर अन्य चीजें, लोकार्पण-शिलान्यास हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मंत्री करें

## जलकर पर पेनल्टी वसूली माफ हो-शहर कांग्रेस कमेटी

रतलाम/ रतलाम जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मोहसिन भाई शेरानी, विजय सिंह चौहान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, नासिर कुरेशी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कलेक्टर महोदय से मांग की है कि नगर निगम द्वारा जलकर में पिछले 2 माह की पेनल्टी भी वसूली की जा रही है ! जबकि पिछले 2 माह से शहर में लॉकडाउन लगा हुआ है एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वयं जल कर वसूली केंद्र बंद करा दिए गए थे। ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना सर्वथा गलत है तत्काल पेनल्टी माफी के आदेश दिए जाएं अन्यथा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## जुर्माने की चिंता : धूप में घंटों खड़े रहकर भी भरा जलकर



**रतलाम** | लॉकडाउन में छूट मिली थी जरूरी सामान के साथ जलकर भरने की चिंता रखने वाले मंगलवार को बड़ी संख्या में नगर निगम के जल उपभोक्ता प्रभार काउंटर पहुंच गए। तीखी धूप में भी घंटों खड़े रहकर जलकर भरा। इसका पता चलते ही दोपहर को निगम ने तुरंत काउंटर के बाहर छांव के लिए टेंट लगवाया। पहले दिन 160 से ज्यादा ने जलकर भरा। बुधवार से संख्या और बढ़ जाएगी। अफसरों को चिंता टारगेट पूरा करने की है। हाल ही में कलेक्टर और प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अफसरों को वसूली पूरी करने के लिए कहा था। कोरोना की दूसरी लहर के चलते पहले दो माह अप्रैल और मई में ऑनलाइन महज 12 से 15 लाख रुपए जलकर ही मिला है। बीते साल अप्रैल से फरवरी तक 11 माह में संपत्ति और जलकर की 35.2 करोड़ में से महज 12.04 करोड़ की ही वसूली हो पाई थी।

दै. भास्कर २/६/२१

## ...र पेनल्टी वसूली माफ हो : कांग्रेस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम जलकर के साथ 2 माह की पेनल्टी भी वसूल रहा है। अप्रैल और मई में शहर में लॉकडाउन चल रहा था। इसमें प्रशासन ने खुद वसूली केंद्र बंद करा दिए थे। ऐसे में अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना गलत है। उसे तत्काल रोक कर पेनल्टी माफी करना चाहिए। यह मांग शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, रजनीकांत व्यास, मोहसिन शेरानी, मुबारिक खान, नासिर कुरैशी ने कलेक्टर से की है। शहर अध्यक्ष कटारिया के अनुसार ऐसा नहीं होने पर कांग्रेस आंदोलन करेगी।

## जलकर पर पेनल्टी वसूली माफ हो

रतलाम। रतलाम जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शैरानी, मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मोहसीन भाई शैरानी, विजयसिंह चौहान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, नासिर कुरैशी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कलेक्टर से मांग की है कि नगर निगम द्वारा जलकर में पिछले 2 माह की पेनल्टी भी वसूली की जा रही है, जबकि पिछले 2 माह से शहर में लॉक डाउन लगा हुआ है एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वयं जल कर वसूली केंद्र बंद करा दिए गए थे, ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना सर्वथा गलत है, तत्काल पेनल्टी माफी के आदेश दिए जाएं, अन्यथा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

२/६/२१

## जल कर पर पेनल्टी वसूली माफ नहीं की तो कांग्रेस आंदोलन करेगी

रतलाम● रतलाम जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा ने कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से मांग की है कि नगर निगम द्वारा जल कर में पिछले 2 माह की पेनल्टी भी वसूली की जा रही है। जबकि पिछले 2 माह से शहर में तालाबंदी लगी हुई है एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वयं जल कर वसूली केंद्र बंद करा दिए गए थे। ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना सर्वथा गलत है तत्काल पेनल्टी माफी के आदेश दिए जाएं अन्यथा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

# भूजल स्तर वृद्धि के लिए चले वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पौधरोपण अभियान : पूर्व महापौर डागा

रतलाम। वर्षाकाल का आगमन नजदीक है, इसे देखते हुए भूजल स्तर में वृद्धि के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और पौधरोपण का सघन अभियान शुरू किया जाए। इससे पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।



यह मांग पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से की है। श्री डागा ने बताया कि शहर एवं जिले के विकास हेतु पानी की उपलब्धता और पर्यावरण की सुरक्षा आवश्यक है। शहर एवं जिले में पिछले कुछ वर्षों से जल संकट और प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। इससे कई समस्याएं उपज रही है। उन्होंने कहा कि एक पखवाड़े बाद मानसून का आगमन होने वाला है, यदि इससे पूर्व वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाए और सभी भवनों पर रिचार्ज सिस्टम लगवाएं जाएं तो भूजल स्तर में काफी वृद्धि हो सकती है। श्री डागा ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग प्रति व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार जल संग्रहण करने में सहायक है। इसमें अधिक राशि भी खर्च नहीं होती इसलिए नगर निगम एवं जिला प्रशासन स्तर पर सर्वप्रथम सभी शासकीय भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाए।

इसी प्रकार पौधरोपण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए और जगह-जगह विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगवाए जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन कायम हो सके। उन्होंने कलेक्टर पुरुषोत्तम से से इस संबंध में यथाशीघ्र कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि मानसून आने पर शहर और जिले को भूजल स्तर में वृद्धि के लाभ के साथ अच्छा वातावरण मिल सके।

4/6/2021

4/6/2021
2/6/21

# भूजल स्तर वृद्धि के लिए चले वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पौधरोपण अभियान : पूर्व महापौर डागा

रतलाम। वर्षाकाल का आगमन नजदीक है, इसे देखते हुए भूजल स्तर में वृद्धि के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और पौधरोपण का सघन अभियान

**▸ निगमायुक्त और प्रशासन से की मांग**

शुरू किया जाए। इससे पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।

की सुरक्षा आवश्यक है। शहर एवं जिले में पिछले कुछ वर्षों से जल संकट और प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। इससे कई समस्याएं उपज रही है। उन्होंने कहा कि एक पखवाड़े बाद मानसून का आगमन होने वाला है, यदि इससे पूर्व वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाए और सभी भवनों पर रिचार्ज सिस्टम लगवाएं जाए तो भूजल स्तर



खर्च नही होती इसलिए नगर निगम एवं जिला प्रशासन स्तर पर सर्वप्रथम सभी शासकीय भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं जाए। इसी प्रकार पौधरोपण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए और जगह-जगह विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगवाए जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन कायम हो सके। उन्होंने कलेक्टर पुरुषोत्तम से से इस संबंध में यथाशीघ्र




# चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के प्रयासों से आत्मनिर्भर होगा मेडिकल कॉलेज - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअली शुभारंभ किया, कॉलेज को हर माह होगी 10 लाख रूपए की बचत

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम मेडिकल कॉलेज में विधायक चेतन्य काश्यप के निजी ट्रस्ट चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा 1.02 करोड़ की लागत से स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने तुलसीदासजी की पंक्तियां 'परहित सरस धर्मनी भाई, परपीड़ा सन नहीं अधमाई' का उल्लेख करते हुए कहा कि चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मानवता की सेवा का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन की दिक्कत आई, तो रतलाम के मेडिकल कॉलेज के संबंध में विधायक चेतन्य काश्यप ने त्वरित निर्णय लिया और उनके प्रयासों से मात्र 35-40 दिनों में 1000 लीटर प्रति मिनिट क्षमता का यह ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हो गया है। श्री चौहान ने कहा कि यह प्लांट मेडिकल कॉलेज के लिए बहुत उपयोगी होगा। इससे कॉलेज ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर होगा। चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने इसके साथ ही 1.35 करोड़ रूपए के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी आयात किए है और मेडिकल कॉलेज में 70 कंसंट्रेटर देकर 60 बेड का ऑक्सीजन वार्ड शुरू करवाया है। मंदसौर-नीमच में 25, झाबुआ-आलीराजपुर में 20, रतलाम ग्रामीण एवं बदनावर में 10-10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए गए है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विधायक श्री काश्यप ने अपने संस्थान काश्यप स्वीटनर्स लिमिटेड बदनावर में पीएसए टेक्नोलॉजी का स्वनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट स्थानीय स्तर पर निर्मित किया है। यह सभी कार्य मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ सोच प्रकट करने वाले है। संकट के समय कुछ मांगें नहीं और जो दे सकते है, वह तुरंत दे देंवे, यही श्री काश्यप ने किया है।

रतलाम में अध्यक्षता कर रहे जिले के कोविड प्रभारी एवं प्रदेश के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करके मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में मेडिकल कॉलेज एवं प्रशासन के साथ हर नागरिक का योगदान रहा है। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज की स्थापना में विधायक श्री काश्यप का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे पूरे मालवा में रतलाम मेडिकल कॉलेज की उपयोगिता साबित हो रही है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की विशेष रूचि एवं आशीर्वाद से 5 वर्षों के दौरान रतलाम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई है और इसने अल्पसमय में अपनी सार्थकता सिद्ध की है। यहां झाबुआ, आलीराजपुर, धार, मंदसौर, नीमच एवं राजस्थान के समीपवर्ती जिलों के 7500 से अधिक मरीज भर्ती हुए है और उनमें हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ हुआ है। श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश कोरोना संकट से उबर गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रदेश में अनाथ बच्चों के संरक्षण एवं पालन पोषण हेतु योजना लागू की गई है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूरे देश में लागू करने का फैसला लिया है, जो उन्हें संवेदनशील राजनेता के रूप में पूरे देश में स्थापित करता है। रतलाम में ऑक्सीजन प्लांट लगने से सामान्य समय में 140 बेड को सम्पूर्ण ऑक्सीजन प्राप्त होगी और इससे मेडिकल कॉलेज को प्रतिमाह ऑक्सीजन खरीदी के रूप में 10 लाख रूपए की बचत होगी। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने किया। इस दौरान ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, डीआईजी प्रशांत सक्सेना, एसपी गौरव तिवारी एवं भाजपा जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण व मण्डल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

2/6/21

# अब मरीज को होम आइसोलेट नहीं, अस्पताल में भर्ती करेंगे

रतलाम. अब कोरोना मरीजों को होम आइसोलेट नहीं किया जाएगा बल्कि कोविड-केयर सेंटर या अस्पताल में अनिवार्य रूप से भर्ती किए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि संक्रमण कम हुआ है परंतु कॉलोनियों में अभी भी ज्यादा केस आ रहे हैं। वैक्सीनेशन के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि 45 प्लस के तहत रतलाम शहर में 60% व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है, अब अभियान के रूप में 45 प्लस वर्ग के शत प्रतिशत व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

स्वदेश 2/6/21

# मेडिकल कॉलेज से 22 व्यक्ति डिस्चार्ज

रतलाम. मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से मंगलवार को स्वस्थ होकर 22 व्यक्ति अपने घर लौटे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 44 पर मरीज हैं। एचडीयू में 172 बेड में 37 पर मरीज हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 55 पर मरीज हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 पर मरीजभर्ती हैं। कुल 137 मरीज हॉस्पिटल में भर्ती है। इनमें 102 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 413 हैं।

# मेडिकल कॉलेज से मंगलवार को 22 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर मंगलवार को 22 व्यक्ति अपने घर लौटे । मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 44 पर पेशेंट है। एचडीयू में 172 बेड में 37 पर पेशेंट है। ऑक्सीजन बेड 180 में 55 पर पेशेंट है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 04 पर पेशेंट भर्ती है। कुल 137 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है, इनमें 102 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 413 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5711, करंट स्टाक 312 है।

प्रसारण 2/6/21

# अब पॉजिटिव आने वाले पेशेंट को नहीं किया जाएगा होम आइसोलेट, अस्पताल में भर्ती करना अनिवार्य

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि अब मिलने वाले पेशेंट्स होम आइसोलेट नहीं किए जाएंगे, बल्कि कोविड-केयर सेंटर या अस्पताल में अनिवार्य रूप से भर्ती किए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि संक्रमण कम हुआ है परंतु कॉलोनियों में अभी भी ज्यादा केस आ रहे हैं। वैक्सीनेशन के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि 45 प्लस के तहत रतलाम शहर में 60 प्रतिशत व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अब अभियान के रूप में 45 प्लस वर्ग के शत प्रतिशत व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज से स्वस्थ्य होने पर मंगलवार को 22 व्यक्ति डिस्चार्ज

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर मंगलवार को 22 व्यक्ति अपने घर लौटे । मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 12 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 44 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 37 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 55 पर पेशेंट हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 04 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 137 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 102 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 413 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5711, करंट स्टाक 312 है।

नवभारत

नवभारत 2/6/21

जिलों में जाएं और कोरोना से बचाव टीकाकरण के प्रति जागरुकता लाएं

# मंत्रियों को सीएम की नसीहत- संकट अभी गया नहीं, इसलिए करो दौरे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों को कहा है कि प्रदेश में अब केवल इंदौर और भोपाल में साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5 फीसदी से ज्यादा है। बाकी सभी जगह इससे कम संक्रमण रेट है, लेकिन संकट अभी गया नहीं है। यदि अनलॉक में भीड़ लगी, तो वापस संक्रमण बढ़ सकता है। इसलिए मंत्री दौरे पर जाएं। जनता से संवाद करें। कोरोना अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण पर लोगों को जागरूक करें। विधायकों को लीड करने दें। आप वर्चुअल मीटिंग भी करें, लेकिन जिलों में जाकर देखें, उसका अलग असर पड़ता है। मैं खुद भी कुछ जिलों में जाऊंगा।

शिवराज ने यह बात मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से कही। सीएम ने कहा कि कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर को अपनाने के लिए लोगों के बीच वातावरण बनाना होगा। मंत्रियों का दायित्व है कि इस दिशा में वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें। शिवराज ने कोरोना संक्रमण की मौजूदा स्थिति का डाटा भी मंत्रियों के सामने रखा।

## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि आत्मनिर्भर मप्र का निर्माण अब हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में कार्य फिर शुरु किए जाएं। स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त करने बने वार्डों और अन्य सुविधाओं का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण कर कार्य आरंभ करें।



## विद्यार्थी-प्राध्यापक बनेंगे मास्टर ट्रेनर

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि कोविड अनुकूल व्यवहार के लिए महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। प्रदेश में 18 लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कोविड अनुकूल व्यवहार के मास्टर ट्रेनर के रूप में उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। कोरोना की तीसरी लहर रोकने में मध्यप्रदेश इससे देश में नया मॉडल प्रस्तुत करेगा।

## मंत्री समूह बनाए मप्र का नया मॉडल

कोरोना संक्रमण प्रबंधन के लिए छह समूह बनाए गए हैं। यह समूह अनलॉक, टीकाकरण, अस्पताल प्रबंधन, जन-जागरण, वैक्सीनेशन और ऑक्सीजन पर बने हैं। इनका काम खत्म नहीं हुआ। सप्ताह में एक बार प्रत्येक समूह की बैठक हो। सीएम ने कहा, सातवां समूह शिक्षा का है। विशेषज्ञों से चर्चा कर सुझाव प्रस्तुत करें। प्रयास होना चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में मप्र का एक अलग मॉडल बने, जो देश में एक उदाहरण हो।

## महाराष्ट्र-यूपी से सटे जिलों में विशेष सतर्कता

**भोपाल.** कोरोना की तीसरी लहर रोकने वमहाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से सटे मध्य प्रदेश के जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पिछली बार महाराष्ट्र और यूपी से सटे जिलों में उन राज्यों से संक्रमण तेजी से फैला था। बाद में यह संक्रमण मप्र के सरहद वाले जिलों से दूसरे जिलों में भी फैलता गया। इसलिए इस बार सतर्कता बरती जा रही है। सीमा पर स्क्रीनिंग और टेस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। संबंधित जिलों को निर्देश हैं कि प्रतिदिन भोपाल मुख्यालय पर रिपोर्ट दें। इससे संक्रमण की स्थिति की मॉनिटरिंग होगी। सीएमओ, इन जिलों के कलेक्टरों को रिपोर्ट भी देनी होगी।

पत्रिका 2/6/21

**लॉकडाउन में छूट का दुरुपयोग** • अभी शहर में अभी साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत है, फिर तेजी से फैल सकता है वायरस

# 124 बिना मास्क घूम रहे थे, 34 दुकानों पर भीड़ 45900 रुपए का जुर्माना लगाया, 9 दुकानें सील

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार को सख्ती वाले लॉकडाउन में कुछ ढील क्या मिली सरकारी कोरोना की दूसरी लहर का कहर भूलकर सड़कों और बाजार में टूट पड़े। लापरवाही ऐसी कि लोग तो मास्क लगाना भूले ही, दुकानदार भी बिक्री के चलते भीड़ नहीं लगाने की चेतावनी भूल गए। इस पर 124 को बिना मास्क घूमते पकड़ा। हर एक से 100 रुपए पेनल्टी लगाकर 12400 रुपए वसूले। बाजार की 34 दुकानों पर भीड़ लगी मिलने पर 33500 रुपए का जुर्माना वसूला। इनमें कुछ दुकानें ऐसी थीं जो बिना इजाजत खोली गई थीं। इस तरह कुल 45900 रुपए जुर्माना लगाया।

सबसे बड़ी कार्रवाई घास बाजार स्थित लुणावत प्लाजा पर की गई। मार्केट की आठ के अलावा एक अन्य सहित कुल नौ दुकानों को सील कर दिया गया। यहीं ज्यादा लोग पाए जाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड पर भी 5000 रुपए का जुर्माना किया गया। छूट 7 जून तक मिली है। अभी सावधानी जरूरी है, साप्ताहिक संक्रमण दर 5% चल रही है।

**अब सीधे अस्पताल में भर्ती करेंगे-** अब कोरोना पॉजिटिव मिलने वाले मरीजों को होम आइसोलेट नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह व्यवस्था खत्म कर दी है। संक्रमितों को अब सीधे अस्पताल में भर्ती कर इलाज करेंगे।

## लापरवाही, संभलना जरूरी : यदि हमारे शहर के बाजारों में ऐसी भीड़ रही तो ये बेड खाली नहीं रहेंगे



**ये गलत बात है...** मंगलवार से थोड़ी सी छूट क्या मिली लोग तमाम सावधानियों को नजरअंदाज कर बाहर निकल आए। कुछ बिना मास्क ही घूमते मिले तो दुकानदारों को संक्रमण से ज्यादा चिंता सामान बेचने की थी। दो गज की दूरी का पालन तो कहीं भी होता दिखाई नहीं दिया। बाजार में भी सबसे ज्यादा भीड़ धानमंडी, नौलाईपुरा और माणकचौक क्षेत्र में देखने को मिली। यह भी तब जबकि शहर में अभी पॉजिटिविटी रेट 5 से 6 प्रतिशत के बीच चल रहा है, जो थोड़ी ही लापरवाही से फैलकर फिर से जानलेवा बन सकता है।



**ये अच्छी बात है...** मई के पहले सप्ताह में फुल हो चुके मेडिकल कॉलेज में संक्रमण दर घटने के बाद 550 बेड में से अभी 413 बेड खाली हैं। 137 बेड पर मरीजों का उपचार चल रहा है जिसमें से 102 पॉजिटिव हैं। मंगलवार को 12 नए मरीज भर्ती किए गए। इनमें आईसीयू के 56 बेड में से 44 पर, एचडीयू के 172 बेड में से 37 पर और ऑक्सीजन 180 बेड में से 55 पर मरीज भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन के 142 बेड में से सिर्फ 4 पर मरीजों का इ[illegible] चल रहा है। इस तरह संक्रमण में अब कमी आ रही है और बेड खाली हो रहे हैं।

### माणकचौक में 33 तो स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में 38 बिना मास्क मिले

- थाना माणकचौक बिना मास्क 33 से 3300 वसूले। 9 दुकानदारों पर 15500 का जुर्माना लगाया।
- थाना दीनदयाल नगर - बिना मास्क पर 1300 रुपए की पेनल्टी लगाई। 16 दुकानदारों पर 2300 का जुर्माना लगाया।
- थाना औद्योगिक - 40 को बिना मास्क घूमते पकड़ा। 6 दुकानों पर ज्यादा व्यक्ति मिलने पर 13000 दंड लगाया।
- थाना स्टेशन रोड - 38 बिना मास्क सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे थे। इन पर 3800 रुपए का जुर्माना लगाया।

### लोग नहीं मान रहे, प्रशासनिक अमला भ्रमण करते हुए कार्रवाई करेगा

- *कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए छूट का उपयोग करें। संक्रमण सिर्फ कम हुआ है, स्थिति अभी चिंताजनक है।* - **चैतन्य काश्यप, शहर विधायक**
- *कॉलोनियों में ज्यादा केस आ रहे हैं, इसलिए होम आइसोलेट नहीं किए जाएंगे कोविड केअर सेंटर में रखेंगे।* - **कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर-रतलाम**
- *पहले ही दिन लोग उल्लंघन करने से नहीं चूके। अमला अब लगातार भ्रमण करते हुए कार्रवाई करेगा।* - **अभिषेक गेहलोत, एसडीएम**

# ज्ञापन देकर बताई पीड़ा : 25 प्रतिशत दुकानें खुलेंगी तो हमारा खर्चा भी नहीं निकलेगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अनलाक के पहले दिन मंगलवार को दुकान खोलने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। प्रशासन ने अनलाक के आदेश में जरूरी सेवाओं सहित कुछ अन्य दुकानों को छूट दी है। बाजार में 25 प्रतिशत दुकानें खोलने को लेकर स्पष्ट आदेश बुधवार को जारी होने की संभावना है। इस वजह से मंगलवार को व्यापारी, दुकानदारों सहित आमजन में भी अफरातफरी मची रही। इधर व्यापारी भी इस व्यवस्था से असहमति जता रहे हैं। मंगलवार को सर्वाधिक भीड़ धानमंडी में रही। शाम पांच बजे सभी दुकानें बंद कराने के लिए टीमें निकल गईं।


### सेंव-नमकीन की दुकानें खोलने की मांग

रतलामी सेंव एवं नमकीन मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर नमकीन दुकानें खोलने की अनुमति देने की मांग की है। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि नमकीन व्यापार से शहर में हजारों लोग जुड़े हुए हैं। कर्मचारियों व कारीगर के सामने आजीविका का संकट है। 25 प्रतिशत दुकानें खोलने का निर्णय अव्यवहारिक है। सप्ताह में तीन दिन दुकानें खोली जा सकती हैं।

ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गांधी, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष अंकित गेलड़ा, प्रकाश लालवानी, दिनेश शर्मा, बिलेंद्र ठक्कर, मुकेश चौधरी आदि शामिल थे।

### व्यापारियों के यह तर्क

- श्रमिकों को दुकान खोलने के क्रम में लाना-ले जाना महंगा पड़ेगा।
- बिजली, टैक्स, पेनाल्टी, दुकान किराये को लेकर कोई राहत नहीं मिली है।
- कई दुकानों की ग्राहकी अन्य दुकानों से भी संबंधित रहती है।
- ग्राहक को भी 25 प्रतिशत के नियम के मान से बार-बार बाजार आना पड़ेगा।



माणकचौक में किराना दुकान से सामान लेते हुए ग्राहक। ● नईदुनिया



धानमंडी क्षेत्र में दुकानों के शटर गिराकर बाहर खड़े व्यापारी। ● नईदुनिया

## नियमों का पालन करेंगे, फैसले व्यवहारिक होना चाहिए

● अनलाक के नियमों में दुकानें खोलने के लिए स्थिति स्पष्ट की जाना चाहिए। अभी दुकानों की श्रेणी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दो माह से व्यापार बंद होने से छोटे व मध्यम वर्गीय परिवार को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों, समाजसेवियों की बैठक में निर्णय किया जा सकता है।

**–महेंद्र गादिया, समाजसेवी**

● दो महीने से किराना बाजार खुला हुआ है। अभी भी इन्हें ही छूट दी गई है। बीमारी गंभीर है, लेकिन बाजार में दुकानें खोलना भी जरूरी है। सुबह चार घंटे किराना को छूट देकर बाद में अन्य बाजार खोलें। 25 प्रतिशत में कैसे व किसको शामिल करेंगे। कपड़ा बाजार तो पूरी तरह ठप हो गया है। व्यवहारिक नजरिये से फैसला किया जाना चाहिए।

**– राजेश पटवा, कपड़ा व्यापारी**

● 50 प्रतिशत दुकानें खोली जाना चाहिए। बड़े शहरों के निर्णयों को भी लागू किया जा सकता है। प्रशासन के सहयोग व गाइडलाइन पालन के लिए तत्पर हैं। आड इवन व्यवस्था भी हो सकती है।

**- सुनील शाह, अध्यक्ष, बर्तन बाजार**

● अभी चार दिन बाजार में ज्यादा भीड़ रहेगी। ऐसे में दुकानें खोलने का समय सुबह छह से दस बजे तक होना चाहिए। 25 प्रतिशत में किराना, मेडिकल, चश्मे आदि के तीन दिन बाद 50 प्रतिशत दुकानों में कपड़ा, चप्पल जूते, बरसाती आदि खोली जाएं। अगले दो दिन के बाद 100 प्रतिशत बाजार खोल देना चाहिए। वर्तमान में दोपहर में गर्मी बहुत रहती है, कर्मचारी दिन में बाजार खुलने के समय में अपने कार्यालयों में रहते हैं। रात 10 बजे तक का समय करने से भीड़ नहीं होगी। जनता को प्रशासनिक आदेश नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझकर गाइडलाइन का पालन करना चाहिए। **–अनिल पेंडसे, जागरूक नागरिक**

● अनलाक व संक्रमण दर की साप्ताहिक समीक्षा के बाद आमजन की सुविधा को लेकर जरूरी बदलाव किए जाएंगे।

**–कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

नईदुनिया 01/06/21

17

# 50% से अधिक न हो कर्मचारियों की उपस्थिति

रतलाम. कोरोना की रोकथाम के लिए कर्मचारियों की 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कार्यालय संचालित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा ने डाइट प्राचार्य, जिला परियोजना समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया है कि आगामी आदेश तक समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति इस प्रकार सुनिश्चित करें की उपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक न हो। विद्यालयों में परीक्षा आयोजन से जुड़े कर्मचारियों की भी उपरोक्त अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित कराए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शासकीय कार्यालयों में कार्य दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तथा कार्यालय समय सुबह 10 से किया गया है। कार्यालय में इस अनुसार उपस्थिति कराएं। इस दौरान अनिवार्य रूप से कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए।

स्वदेश 2/6/21

# कर्मचारियों की उपस्थिति पचास प्रतिशत से अधिक न हो

**रतलाम**। कोरोना की रोकथाम हेतु कर्मचारियों की 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कार्यालय संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा ने डाइट प्राचार्य, जिला परियोजना समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया गया है कि आगामी आदेश तक समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति इस प्रकार सुनिश्चित करें की उपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक न हो। विद्यालयों में

मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद की वर्चुअल बैठक के पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों...

# मप्र में कोरोना की तीसरी लहर रोकने की तैयारी, मंत्री जिलों में समीक्षा करेंगे

## क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की होगी हर सप्ताह बैठक

**भोपाल ● 1 जून ( ब्यूरो )**
मध्यप्रदेश में कोरोना के काबू में आने के बाद 1 जून से कर्फ्यू में राहत मिलना शुरू हो गई है। अब सरकार कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारी में जुट गई है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंत्रियों और अफसरों के साथ चर्चा की।

बैठक में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हर सप्ताह करने और मंत्रियों के कोविड प्रभार वाले जिलों में दौरे का निर्णय लिया गया। स्कूल बंद होने से पढ़ाई ना रुके, इसके लिए मंत्री समूह से अन्य विकल्प तलाशने पर भी बात की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण अब नियंत्रित हो गया है, लेकिन तीसरी लहर की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### कैबिनेट की बैठक में निर्णय

- प्रदेश में अनलॉक का पहला चरण प्रारंभ हो गया है, जो 15 जून तक चलेगा।
- मंत्री अपने कोविड प्रभार वाले जिलों के दौरा करेंगे।
- क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक हर सप्ताह होगी।
- प्रोफेसर व कॉलेज स्टूडेंट को कोविड अनुकूल व्यवहार की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- टीकाकरण लिए लोगों को प्रेरित करेंगे टीचर व स्टूडेंट।
- स्कूल बंद रहने की स्थिति में पढ़ाई के अन्य विकल्प तलाशे जाएंगे।
- पोषण स्वास्थ्य नीति पर ज्यादा फोकस होगा।
- 2 माह में 3 हजार से ज्यादा एमएसएमई उद्योगों के लिए क्लस्टर बनेंगे।
- प्रदेश में शिलान्यास व भूमिपूजन कार्यक्रम वर्चुअल कर सकेंगे मंत्री।

## बच्चों की पढ़ाई के लिए विकल्प खोजेगा मंत्री समूह

*मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल बंद होने से पढ़ाई ना रुके, इसके लिए मंत्री समूह अन्य विकल्प भी खोजे। स्कूल-कॉलेज खोलने और परीक्षाओं के लिए बने मंत्री समूह से मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए शिक्षाविदों से सुझाव लें। इसके साथ ही पढ़ाई के लिए नई टेक्नोलॉजी के प्रयोग का खाका भी तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कोविड अनुकूल व्यवहार के संबंध में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षित विद्यार्थी और प्राध्यापक अपने-अपने क्षेत्र में 50 से 100 नागरिकों को अलग-अलग माध्यमों से कोविड अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के बारे में जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम से एनएसएस और एनसीसी के स्वयंसेवक भी जुड़ेंगे।*

## मप्र में...

ऐसे में अब ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके साथ ही सरकार अपने स्तर पर तैयारी भी कर रही है। उन्होंने कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की सप्ताह में कई बार बैठक अनिवार्य रूप से होगी, जिसमें कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके हिसाब से फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने मंत्रियों को निर्देश दिए कि सभी मंत्री कोविड प्रभार वाले जिलों में जाकर अनलॉक की स्थितियों और गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखें और निरंतर समीक्षा करते रहें। किसी भी स्थिति में अनलॉक के बाद संक्रमण नहीं फैलने देना है अन्यथा किए-कराये पर पानी फिर जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश अनलॉक हो, लेकिन कोरोना को पूरी तरह लॉक करने की है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जान जोखिम में डालकर मैदानी

दिखाई सख्ती : गाइड लाइन का उल्लंघन मिलने पर प्रशासन ने कई जगह की कार्रवाई, जुर्माना भी वसूला

# अनलाक में पहले ही दिन नौ दुकानें सील, छह पर एफआइआर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में मंगलवार से हुए अनलाक के दौरान कई दुकानदार आधी शटर खोलकर व्यापार करते रहे तो कुछ साफ-सफाई कर दुकानों के बाहर बैठे रहे। इस दौरान प्रशासन व पुलिस के अमले ने गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर जुर्माना भी वसूला।

53 दिन बाद हुए अनलाक में शहर में धानमंडी, नाहरपुरा, लोहार रोड, चौमुखीपुल, नौलाईपुरा, राममंदिर सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सर्वाधिक भीड़ थोक व खेरची किराना दुकानों पर रही। कृषि सामग्री की दुकानों पर भी किसान नजर आए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के लिए शहर में 40 दल गठित किए हैं। इसका असर यह रहा कि सुबह दुकानें खुलने से पहले ही दल सक्रिय हो गए। धानमंडी में बड़े चार वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए बेरीकेड लगा दिए गए। कई जगह तो दुकानों के शटर खुलते ही ग्राहक के पहले टीम पहुंच गई, इससे विवाद की स्थिति भी बनी।



लुनावत प्लाजा में समझाइश देते हुए एसडीएम अभिषेक गेहलोत। • नईदुनिया

इन टीमों द्वारा मास्क नहीं पहनने पर 124 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 12400 रुपये व 34 दुकानों के संचालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 33500 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की। टीम ने एक दुकान को सील कर धारा 188 में छह दुकान संचालकों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

इसके अतिरिक्त एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान द्वारा घास बाजार स्थित लुनावत प्लाजा में आठ दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। भीड़ अधिक होने के कारण बैंक आफ बड़ौदा स्टेशन रोड प्रबंधन पर 5000 रुपये जुर्माना किया गया।

## शहर में थानावार गठित टीमों ने इस तरह की कार्रवाई

**थाना माणकचौक :** टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगदे ने प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक तथा दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी बीएल पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस दौरान मास्क नहीं पहने वाले 33 व्यक्तियों से 3300 तथा नौ दुकानों पर पर कार्रवाई में 15500 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई।

**थाना दीनदयाल नगर :** टीम प्रभारी जिला पंजीयक पीपी वाजपेयी ने प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तैनात रहे। बिना मास्क वाले 13 व्यक्तियों से 1300 रुपये तथा 16 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 2800 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई।

**पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र :** प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग सीके राय के साथ 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उप संचालक पशु चिकित्सा डा. मनोज शर्मा के साथ दोपहर 2:00 बजे से रात 8:00 बजे तक दल तैनात रहा। बिना मास्क वाले 40 व्यक्तियों से 4000 रुपये तथा छह दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 13000 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई एवं एक दुकान को सील किया गया।

**पुलिस थाना स्टेशन रोड :** प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी प्रबंधक पीआइयू वाघे व दोपहर 2:00 बजे से रात 8:00 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। बगैर मास्क पहनकर निकले 38 व्यक्तियों से 3800 रुपये तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 2700 रुपये जुर्माना वसूला गया।

नईदुनियां 2/6/21

# अस्थायी थोक सब्जी मंडी लगाने की तैयारी शुरू की

## नमकीन क्लस्टर और बंजली के लिए प्रस्ताव

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

अनलॉक की शुरुआत के साथ ही मंगलवार से घर-घर सब्जी वितरण भी शुरू हो गया है। फुटकर सब्जी विक्रेता लोगों के घरों में पहुंचे और सब्जी का वितरण किया। कोरोना कर्फ्यू में आंशिक छूट में थोक सब्जी मंडी को खोलने की छूट नहीं दी है।

सैलाना बस स्टैंड स्थित थोक सब्जी मंडी आगामी आदेश तक बंद रहेगी। ऐसे में फुटकर विक्रेता को सब्जी मिलने में आसानी हो, इसके लिए बंजली और नमकीन क्लस्टर में अस्थायी थोक सब्जी मंडी लगाने को लेकर अधिकारियों ने नमकीन क्लस्टर और बंजली में सब्जी मंडी के लिए जगह का निरीक्षण किया। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि यहां अस्थायी सब्जी मंडी शुरू होगी या नहीं। लेकिन अधिकारियों ने जगहों का निरीक्षण कर लिया है। थोक सब्जी मंडी में 55 व्यापारी बड़े और इतने ही छोटे व्यापारी हैं। ऐसे में यदि इन दोनों स्थानों पर अस्थायी थोक सब्जी मंडी लगाने इन व्यापारियों को दोनों स्थानों पर आधे-आधे भागों में बांटा जाएगा।

**पंजीयन के आधार पर ही बिकी सब्जियां :** सब्जी की बिक्री फेरी लगाकर करने की छूट दी गई है। इससे सब्जी और फल विक्रेता के रविवार को पंजीयन किए गए। ऐसे में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने पंजीयन की जांच भी की। अगले आदेश तक पंजीयन के आधार पर ही सब्जी बिकेगी। फिलहाल सब्जी विक्रेता के लिए यह व्यवस्था है कि वे कहीं से भी लाकर सब्जी बेचें लेकिन इन दोनों स्थानों पर पर अस्थायी सब्जी मंडी शुरू करने पर विचार चल रहा है।

# फोटोकॉपी की दुकान खुली मिलने पर केस दर्ज

**रतलाम |** बाल चिकित्सालय के सामने दुकान खुली मिलने पर पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। नायब तहसीलदार कैलाश डामर ने बताया बाल चिकित्सालय के सामने फोटोकॉपी और मोबाइल रीचार्ज दुकान खुली मिलने पर दुकान खोलकर बैठे रामदेवजी की घाटी निवासी सोमिल पिता मनोज जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# जून के पहले दिन 19 नए पाजिटिव और दो की मौत

**रतलाम।** कोरोना की रोकथाम के लिए लगातार व्यवस्थाओं में किए जा रहे सुधार का असर नजर आने लगा है। लगातार नए कोरोना मरीजों की संख्या घट रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ रही है।

जून के पहले दिन मंगलवार को 19 नए पाजिटिव केस सामने आए। दो की मौत हुई। 98 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 669 है। जिले में अब तक 17321 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 16345

# निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के दायित्वों में किए बदलाव

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू व सुदृढ़ बनाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए नवीन दायित्व सौंपे है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को झोन क्रमांक 4 के प्रभार से मुक्त किया व उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विराट मेहरा को जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र की सफाई व्यवस्था से मुक्त कर झोन क्रमांक 3 का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा उप स्वच्छता पर्यवेक्षक तरुण राठौड़ को रतलाम शहरी क्षेत्र की सेनेटाईजेशन कार्य से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 11 का प्रभारी नियुक्त किया। आशीष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक आशीष चौहान को कार्यालय अधीक्षक कार्यालय के लिपिक पद से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 14 का प्रभारी नियुक्त किया। इसके अलावा किरण चौहान को झोन क्रमांक 3 के दायित्व से मुक्त कर झोन क्रमांक 4 का दायित्व सौंपा।

इसके अलावा मांगीलाल सुल्तान वार्ड क्रमांक 14 के प्रभारी से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 15 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा। संतोष भाटी को वार्ड क्रमांक 15 के प्रभार से मुक्त कर वार्ड 15 में सफाई संरक्षक का दायित्व सौंपा। साथ ही राहुल बिड़वान वार्ड क्रमांक 11 के प्रभारी से मुक्त कर जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र की सफाई व्यवस्था का दायित्व सौंपा।

प्रसारण
2/6/21

## गणेशलाल माली सेवानिवृत्त

रतलाम। नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक विभाग में कार्यरत् गणेशलाल माली भृत्य की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने पर कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत भाव-भीनी विदाई दी गई। उपायुक्त विकास सोलंकी ने गणेशलाल माली को हार पहनाकर, शाल-श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। किया। इस अवसर पर निगम अधिकारी सुभाष गोयल, एम.के. जैन, विजय बालोद्रा, जसवन्त जोशी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।